move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

*The question was put and the motion was adopted.*

SHRI MAHESHWAR SINGH: Sir, I introduce the Bill.

## THE BIHAR FLOOD CONTROL AUTHORITY BILL, 1992

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि—

गंगा, गंडक महानन्दा, और सोन नदियों द्वारा बिहार राज्य के उत्तरी भागों में बाढ़ और तट के कटाव के नियंत्रण के लिए उपायों की योजना बनाने और उनके एकीकृत क्रियान्वयन के लिए, इन सभी नदियों को उस राज्य में नहरों से जोड़ने के लिए और राज्य के मध्य और दक्षिणी भागों में सिंचाई की सुविधाओं की व्यवस्था करने और तत्संबंधी मामलों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

*The question was put and the motion was adopted.*

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** : मैं को पुरःस्थापित करता हूं।

## THE BACKWARD AREAS DEVELOPMENT AUTHORITY BILL, 1992

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि—

देश के आर्थिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक स्वायत्त प्राधिकरण की स्थापना करने वाले तत्संसक्त विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

*The question was put and the motion was adopted.*

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

## THE GIRL CHILD (COMPULSORY EDUCATION AND WELFARE BILL, 1992

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि —

बालिकाओं के लिए निःशुल्क और और न्यूनतम अनिवार्य शिक्षा तथा राज्य द्वारा उनके समुचित विकास के लिए किए जाने वाले अन्य कल्याणकारी उपायों और उससे संबद्ध विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

*The question was put and the motion was adopted.*

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

## THE ROZI, ROTI, KAPDA AUR MAKAN (CITIZENS' WELFARE BILL, 1991—Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): We will continue now with the discusion on the *Rozi, Roti, Kapada Aur Makan* (Citizens' Welfare) Bill, 1991. Mr. Sarada Mohanty to continue his speech.

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR (Nominated): Sir, before Mr. Mohanty starts speaking, I would like to raise one point. We learn that the reply is going to be given by the Welfare Minister.

Sir, if you see the Bill, you will notice that its concern is about *rozi, roti, kapda ur makan* *"Rozi"*, I understand, is employment which is the subject matter of the Ministry of Labour. *"Roti"* is a subject which comes under the public distribution system. Formerly, it was the Ministry of Civil Supplies and now, a new nomencla-

[Shri Prakash Yashwant Ambedkar]

ture has been given. "*Kapda*" comes under the Ministry of Textiles. Finally, "*Makan*" comes under the Ministry of Urban Development. But now all these subjects come under the Ministry of Welfare, that is, subjects which are not dealt with by the Ministry of Welfare. I would like to know how the Minister of Welfare is going to reply. My point is whether all these Ministries have been subjected to the overall supervision of the Ministry of Welfare and I think the House should know about it before you proceed with the discussion on this Bill. I want your ruling.

मौलाना ओबेदुल्ला खान आज़मी (उत्तर प्रदेश) : इसका जवाब तो प्राइम मिनिस्टर को देना चाहिये ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): You please take your seat.

The honourable Member has raised a pertinent point and I appreciate the point raised by him. It is a fact that the subjects mentioned come under many Ministries. But, at the same time, I would like to draw the attention of the honourable Member to the title of the Bill circulated which is "The *Rozi, Roti, Kapda Aur Makan* (Citizens' Welfare) Bill, 1991. This is the title of the Bill circulated. Therefore, while I apprecaite the point raised by the honourable Member, I would like to say that technically it comes under the Welfare Ministry as the nomenclature states. Therefore, the Welfare Minister may be permitted to reply and he is within his rights to reply to the discussion. At the same time, the reply is from the Minister who is representing the Cabinet. It is the joint responsibility of the Cabinet which should be considered.

Taking all these aspects into account, I overrule the point raised by the honourable Member. Now, Mr. Mohanty to continue his speech.

*SHRI SARADA MOHANTY (Orissa): Mr. Vice-Chiraman Sir, I am thankful to you for allowing me to continue my speech from where I left last time on the *Rozi, Roti, Kapda our Makan* (Citizens' Welfare) Bill, 1991.

Sir, the steep rise in prices of all the essential commodities has made the life of the poor people miserable. As there is no proper employment opportunity in rural areas the people are migrating to cities in search of jobs. They are able to earn some money by working as rickshaw-pullers or as salesmen in tea-stalls Pan shops etc. in the cities. As there is acute housing problem in urban areas these people are living a wretched life in slums and on pavements. They are living in the slum areas in the most unhygienic condition. We come across these slums located by the side of the rail lines when we visit big cities like Delhi, Bombay, Calcutta and Madras. We can notice how the stray dogs, pigs and mosquitoes add to the unhygienic condition in the jhuggies. As they do not have permament residence in the cities they are deprived of the facility of ration card. The government employees get dearness allowance from time to time, but the daily wages of the labourers do not increase at all. The labourers are not organised. They are forced to remain content with whatever they get. As they don't have ration card they are deprived of the benefit of buying rice, wheat, sugar, edible oil at a cheap rate. It is also difficult for them to admit their children in schools. As a result, their children are easily misguided and indulge in anti-social activities or take to begging as a profession in Bus Stands and Railway Stations.

Mr. Vice-Chairman Sir, these unfortunate citizens of our society do not have any desire of living in luxurious houses. They just want a roof over

*English translation of the original speech delivered in Oriya.

their head, employment and the basic needs of life like health and education for their families.

It is the duty of the government to save the life of the 70 per cent of the people from starvation. We should not exclusively think of the welfare of a small number of people who are rich and established in society. They should also get equal benefit. It is necessary for the government to secure the interest of the majority.

Before concluding I would like to refer to the question raised by my friend Shri Bapu Kaldate during Question Hour today. The question was about the problems concerning the street children in the metropolitan cities of our country. In my opinion these children should not be called "awara". They are the most unfortunate children of our society. Right from their birth they have been undergoing the agony of life. There is nobody to look after them. These street children can easily be misguided into indulging in anti-social activities like stealing others' properties. It is the duty of the government to provide maximum social security to the sreet children. Children are the future of our country. If we do not look after the children by providing health, education and social security then the future of India will be doomed.

Mr. Vice-Chairman Sir, I once again support the bill brought forward by my friend Shri Pachouri.

Thank you.

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** (उत्तर प्रदेश) : शुक्रिया, मि० वाइस-चेयरमैन। सर, रोजी, रोटी, कपड़ा और मकान पर हमारे भाई, जनाब सुरेश पचौरी का जो प्राइवेट मेम्बर बिल चल रहा है, इस परेशान हाल और गुरबतो-अफलास से मारे हुए मुल्क में यह बहुत ही अच्छी बात है कि ऐसे नाजुक सब्जैक्ट पर उनके बिल के जरिए हमें पार्लियामेंट में बहस करने का मौका मिल रहा है।

पूरा मुल्क रोजी, रोटी कपड़ा और मकान के मुतल्लिक जिन हालात से गुजर रहा है, उन हालात की जानकारी न सिर्फ यह कि मुल्क वालों को है, बल्कि दुनिया के सारे तरक्कीपसंद मुल्क हिंदुस्तान की इस हालते-जार पर सियासी और इखलास, दोनों के आंसू बहते हैं और तरह-तरह के एतराजात और तरह-तरह के तब्सरे हिंदुस्तान में रहने वाले गरीबों की गैरत पर विदेशी मुल्कों में होता है।

मैं आपके जरिए अपने रेस्पेक्टेड बुजुर्ग वजीरे मौसूफ से कहना चाहूंगा कि हिंदुस्तान की हालत इस वक्त यह है कि—

सुन तो सही जहां में तेरा फसाना क्या,
कहती तुझको खल्को खुदा गायबाना क्या।

हमारे मुल्क में गरीबों पर गुफ्तगू करने के लिए कोई भी पार्टी, कोई भी सरकार ऐसी नहीं है, जो सरकार में आने के लिए, अपनी पार्टी को ताकतवार बनाने के लिए, सियासी इकतदार की कुर्सी पर बैठने के लिए गरीबों के बीच जाकर यह न कहती हो कि हमारी सरकार लाओ, हमें कुर्सी पर बिठाओ, हमारे हाथ में देश की बागडोर दे दो, तुम्हारे घरों में हम दूध की नहरें बहायेंगे, तुम्हारे बाल-बच्चों के लबों से रूठा हुआ तबस्सुम हम वापिस लायेंगे, तुम्हारे दिल को हम हसरतों-अरमान का मजार नहीं बनने देंगे, तुम्हारी आंख का आंसू हम खुश्क कर देंगे, तुम्हें रहने के लिए, मकान, खाने के लिए रोटी, रोजगार के लिए रोजी और तन ढांकने के लिए कपड़ा मुहैया करेंगे।

देश के गरीबों को ही अड्रेस करते हुए हमारे देश के नेता हर सूबे में जाकर गरीबों की वोट की दौलत को समेटते हैं। गरीब के पास एक दौलत है। उस दौलत का नाम वोट बैंक है, और गरीब ही अपनी उस दौलत को लीडरों के इस तरह के सियासी नारों पर एतमाद करते हुए अपनी दौलत को पार्टियों पर बडी ही फराखदिली के साथ निछावर करता है। गरीब

[मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़म]

इलैक्शन के जमाने में, सिलैक्शन के लिए हुकूमत किसी पार्टी की बनाने के लिए मैदाने-अमल में उतारता है, नारे गरीब लगाता है, वोट गरीब डालता है, लड़ाई गरीब लड़ता है, गोली गरीब खाता है, जेल गरीब जाता है, मुसीबत गरीब उठाता है, मुकदमात में गरीब फंसता है और वह गरीब यह सारा काम सिर्फ इस उम्मीद के सहारे करता है कि आने वाले दिन हमारे बाल-बच्चों के इस सुनहरे ख्वाब को पूरा करेंगे, हम भी हिंदुस्तान में गैरत की रोटी पायेंगे, इज्जत की रोज़ी पायेंगे, अच्छा कपड़ा हम दूसरे भाइयों की तरह पहनेंगे और अच्छे मकान में, खुले आसमान के नीचे रहने की बजाय, छत के नीचे हमारा जीवन भी महफूज़ होगा।

एक गरीब के दिल में कैसी-कैसी भावनाएं पैदा होती हैं, कैसी-कैसी उम्मीदों का चिराग जलाए हुए वह इन पार्टियों के पीछे जिंदाबाद के नारे लगाता हुआ दौड़ता है। मगर जब ये पार्टियां जब हमारे देश की हुक्मरानी के तख्त पर विराजमान होती हैं तो उसके बाद उस गरीब को जब रोटी नहीं मिलती, रोज़ी नहीं मिलती, कपड़ा नहीं मिलता, मकान नहीं मिलता तो फारसी के मिसरे के मुताबिक उसकी रूह पुकार उठती है :

" एबसा आरजू कि खाकशुदा" हमारी यह यह आरज़ू मिट्टी में मिल गई है।

सर, मैं अब भी बेनियाजे जर्रोसीम हूं मगर दिल चीर-चीर जाती हैं हमसाये की फुगां, सोने के शमादानों में काफूर के चिराग जलते हैं और दीया भी मयस्सर नहीं यहां। जिन लोगों को वोट मिलता है, जो लोग तख्ते हुकमरानी पे आते हैं उनके घर में आम आदमी का जीवन भी इतना सुखी होता है कि गरीब पूरी जिन्दगी में उस सुख का सिर्फ ख्वाब ही देखता रहता है। उस गरीब का ख्वाब कभी भी शर्मिंदा-ए-ताबीर नहीं होता। मैं ,अपने मुल्क की गुरबत को बहुत करीब से देख चुका हूं। हिन्दुस्तान के कोने-कोने में मेरा जाना होता है। मुल्क के अवाम से मेरा डायरेक्ट राबता और जाबता है। मैंने सिसकते हुए बच्चे देखे हैं। जाड़े में बगैर कपड़े के मरते हुए बच्चों की लाशें देखी हैं। रोज़ी के बगैर भटकते हुए पढ़े-लिखे इंसानों का काफिला-दर-काफिला मेरी निगाह से गुजरा है। मैं हिन्दुस्तान के गरीबों के जीवन की एक तस्वीर पार्लियामेंट के सामने इस तरह रखना चाहता हूं कि फुटपाथ पे पड़ा था, वह भूख से मरा था और कपड़ा उठाकर देखा था तो पेट पर लिखा था :

"सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा,
हम बुलबुले हैं इसकी, यह गुलिस्तां हमारा।"

यह है हमारे इस मुल्क में गरीब की तस्वीर। हमारे मुल्क में इंसानों की तबाही का यह हौलनाक मंजर है, जो मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। आज इंसानों में बेपनाह जराइम पैदा हो गए हैं। इन जराइम की वजह क्या है ? जो लोग भी जेलों में हैं, आप देखें कि उनमें संख्या और तादाद अमीरों की कितनी है और गरीबों की कितनी है ? और जो लोग मुकदमात में माखूज हैं आप उसका जायजा ले के तजज़िया कीजिए कि उसमें गरीबों की तादाद कितनी है और अमीरों की तादाद कितनी है ? फसादात के मौके पर भी किसी गरीब का पेट जब नहीं भरता तो फसादात के लिए फिरकापरस्त लोग इसको चार रोटी दे कर इसका एक्सप्लायटेशन कर देते हैं। इस गरीब का पेट जब नहीं भरता, इस गरीब को जब मकान नहीं मिलता, इस गरीब को जब रोज़ी-रोटी से नहीं जोड़ा जाता तो विदेशी जासूस हमारे इसी गरीब के हाथ और पैर का इस्तेमाल करके मादरे वतन की इज्जत को खाक में मिलाने की नापाक कोशिश करते हैं। वह गरीब जिसने अपने इन गुरबतज़दा हाथों के जरिए ताजमहल जैसा हसीन नमूना दुनिया के सामने पेश किया, वह गरीब जिसने पत्थर ढो-ढो कर तामीरात का वह हसीन फन लाल किले की हैसियत से इस हिन्दुस्तान के सामने रखा, वह उसी गरीब की फनकारी है, यह उसी गरीब का हुनर है, यह उसी गरीब की अदाकारी है। आज भी मुल्क में सड़कें जो बन रही हैं, यह किसी अमीर का

हाथ नहीं बनता, बंधुआ मजदूर के हाथ हैं जो इन सड़कों पर अमीरों की कारें चलने का रास्ता बनाते हैं । आज भी मकान कोई अमीर आदमी अपने हाथ से नहीं बनाता है यह उसी गरीब के हाथ हैं, जिस गरीब को हाथ के साथ मेहनत करने के बाद भी उसके बच्चों का मुस्तकबिल उसको तारीक दिखलाई देता है । मैं गुरबत-व-अफलस की कहानी किस जुबां से आपको सुनाऊं, गरीब की जिन्दगी तो मुर्दे से भी ज्यादा बदतर जिन्दगी बन करके रह गई है । इसलिए कि, सर, आदमी

3.00 P. M. एक बार मरता है और उसके मरने की तकलीफ उसे एक ही बात महसूस होती है, मगर गरीब तो बार-बार मरता है, गरीब लम्हा-लम्हा मरता है, गरीब घंटा-घंटा मरता है । अहसासात् की वादियों में उसका जिस्म और उसकी रूह छलनी होकर रह जाती है । जब अमीर के घर शहनाइयां बजती हैं, तब गरीब मर जाता है । जब किसी अमीर के घर से बेशुमार धन और दहेज के साथ उसकी बेटी रुख्सत की जाती है, तब गरीब अपनी बेटी का मुरझाया हुआ चेहरा देखकर मर जाता है। जब अमीर के घर एक बच्चे की पैदाइश पर हजारों आदमियों को मुतंजन और पुलाव खिलाया जाता है, उस वक्त गरीब अपनी कुटिया में सिसक-सिसक कर अपने बच्चों की भूख और तड़पन देखकर बिलखता है और रोता है । आप जरा देखें, हमारा समाज कहां जा चुका है । एक गरीब की जिंदगी को झोंपड़ों में महसूस किया जा सकता है, रोड पर देखा जा सकता है—दवा के बगैर वह गरीब मर जाता है, इलाज बगैर वह गरीब मर जाता है, फीस के बगैर मर जाता है, रोटी के बगैर वह गरीब मर जाता है, कपड़े और मकान के बगैर उसकी जिंदगी सर्द लाश की तरह इंजमादी कैफियत हासिल कर लेती है । आप मुझे बताएं कि हमारा यह 80 करोड़ का मुल्क, जिस मुल्क में गुरबत के खात्मे के लिए गांधी जी ने लड़ाई लड़ी, जिस मुल्क में सिर्फ गुलामी की जंजीरें काटने की लड़ाई नहीं गई थी बल्कि रोटी और रोजी के ऊपर जो गुलामी के पहरे लगे हुए थे, उन जंजीरों को भी काटने की लड़ाई गांधी जी ने लड़ी थी । उन तमाम जंजीरों के चैनल फिर जोड़ दिए गए हैं । चंद अमीरों के हाथ में हिन्दुस्तान की दौलत, हिन्दी की सर्वद, हिन्दुस्तान की मान-ओ-मर्यादा आ चुकी है । वे अमीर अपने पैसों का इलेक्शन और सेलेक्शन के मौके पर लीडरों के ऊपर इस्तेमाल करके पार्टियों की हुकमरानी मुल्क में कायम कर देते हैं और उसके बाद गरीब का खून चूस-चूसकर उन अमीरों की झोली भरी जाती है, गरीब को जीने का कोई हक नहीं मिलता है । मैं बहुत सारी मिसालें आपके सामने रखना चाहता हूं । रोजी, रोटी कपड़ा और मकान, ये चार अलहदा-अलहदा चीजें हैं, इन चारों चीजों का ताल्लुक अलग-अलग मिनिस्ट्री से भी है । हमारे श्री अम्बेडकर जी ने सही बात कही थी कि जब चार मिनिस्ट्रीज से इन चारों सब्जेक्टस का ताल्लुक है तो चारों मिनिस्ट्रीज के दा तो मिनिस्टर्स हों या फिर यह कि प्राइम मिनिस्टर, जो तमाम मिनिस्ट्रीज को देखते हैं, उन्हीं के पास इसका जवाब हो सकता है, वही खातिर खा हाउस को मुतमइन कर सकते हैं । इसलिए कि सनद उनको देखनी है । कपड़ा मंत्रालय में कोई गड़बड़ी होती है तो उसका डिसीजन जनाबे वजीर-ए-आजम लेते हैं—भुखमरी के सवालात पर, रोटी, कपड़ा और मकान के सवालात पर, इंसानियत को गुरबत और अफलास को जहन्नुम से निकालने के सवालात । तो निहायत ही जरूरी था कि सिर्फ प्राइवेट मैम्बर बिल से यह काम नहीं चल सकता। प्राइवेट मैम्बर बिल तो मालूम नहीं कितने आते हैं और गुजर जाते हैं । मैं उन लोगों को खिराजे मुहोब्बत पेश करूंगा जो लोग प्राइवेट मैम्बर बिल लाकर हाउस की तवज्जो गरीबों और अफलास जदा लोगों की तरफ दिलवाते रहते हैं, मगर इससे ज्यादा हुकूमत को इसका ख्याल होना चाहिए । एक मैम्बर और हुकमरान पार्टी का मैम्बर इस अहसास से मर गया कि गरीब का मसला यहां उठाया जाए, गुरबत-ओ-अफलास का मसला यहां उठाया जाए । क्या ही बेहतर होता कि हमारी हुकमरान पार्टी यह बिल लाती और इस बिल को बाकायदा पास कराती ।

[मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी]

इसलिए कि अगर गरीब नहीं रहेगा तो हिन्दुस्तान की सभ्यता बाकी नहीं रहेगी। इसी गरीब ने, गरीबों और गुरबत-ओ-अफलास के माहौल में रहने वाले ने सच्चे दिल को हिन्दुस्तान के सामने पेश किया है। लोग तो दलों में चले जाते हैं मगर यह दिलवाला वफादारी का रास्ता कभी नहीं छोड़ता है। इसको अगर इज्जत की रोटी मिल गई, इज्जत का कपड़ा मिल गया, इज्जत का मकान मिल गया, इज्जत की रोज़ी मिल गई तो यही गरीब हिन्दुस्तान के उज्जवल भविष्य का जामिन है। इसी गरीब के ज़रिए हर दौर में हिन्दुस्तान की उरूज-ओ-इरतका का चराग जला है और यही गरीब आने वाले दौर में भी हिन्दुस्तान की सलामती और हिन्दुस्तान की मर्यादा की लाज रखेगा। मैं मुल्कभर के तमाम गरीबों को खिराज़े मुहोब्बत पेश करना चाहता हूं कि गरीबों ने कभी गद्दारी नहीं की, गरीबों ने कभी दो चेहरे अपने नहीं बनाए। गरीब देश के संविधान के साथ भी जुड़ा रहा, गरीब देश की हुकूमत और हुकमरान के साथ भी जुड़ा रहा, गरीब देश के कल्चर के साथ भी जुड़ा रहा, गरीब देश की तहजीब-ओ-शराफत के साथ भी जुड़ा रहा। हां-हां, यही वह गरीब है, जिसने हिन्दुस्तान को मिट्टी और जर्रे को उठाया और अर्स-आशियां का मुसाफिर बनाकर रखा। यह वह गरीब है, जो हर चलने वाले राही के पैर की धूल बनकर के उससे कहता है--

"बेदम हूं मगर साथ न छोड़ूंगा तुम्हारा।
तुम लोग मुसाफिर हो तो मैं गर्दे सफर हूं।।"

यह गर्दे सफर की तरह गरीब चलता जाता है। इस गरीब के गुरबतजदां माहौल से अगर उसको निकालने की कोशिश नहीं की गई तो आज पूरे मुल्क में जो तासुब का धुआं उठ रहा है, जो तासुब की चादर इंसान ओढ़े हुए हैं, जो नफरत के बादल छा रहे हैं, जो वहशत का पानी बरसा रहा है, मिनजुमला तमाम मसायल और मकायद में एक सबसे बड़ी वजह यह है कि अगर हम गरीब को गुरबत दूर किए होते, अगर हर हुकूमत ने इखलास और वफादारी के साथ समझा होता, अपने मैनिफेस्टो पर अमल किया होता, गरीबों से उनके इलाके में उनके वोट मांगने के लिए, उनके वोट की दौलत हासिल करने के लिए जिस वक्त हम लोग जाते हैं और हमारे लीडरों ने जो वायदे किए वह वायदे 1/4 भी अगर पूरे किए गए होते तो आज हिन्दुस्तान में कोई आदमी भूख से नहीं मरता, आज हिन्दुस्तान में कम से कम जिस्म को ढांकने के लिए लोगों के पास कपड़ा होता, छोटी सी एक छप्पड़ होती, छोटा सा एक झोपड़ा होता जिसमें बैठकर वह अपने भविष्य को तय कर सकते, अपने बाल-बच्चों की जिंदगानी को ऊपर उठाने का कोशिश करते।

सर, अहसास सारी दुनिया में इंसान का एक है, चाहे वह मगरब का रहने वाला हो, चाहे मशरक का रहने वाला हो, चाहे जुनूब का रहने वाला हो, चाहे शुमाल का रहने वाला हो, हर इंसान को जब कुदरत ने एक तरह की आंख दी, एक तरह की दिमाग दिया, एक तरह के हाथ और पैर दिए, एक तरह का दिल दिया, तो हर इंसान का अहसास भी एक ही तरह का है। तकलीफ जो अमीर और बादशाह को महसूस होती है, वही गरीब और झोपड़ी में रहने वाला भी महसूस करता है। हार्ट-अटैक में जिस वक्त अमीर-जादे को तकलीफ होती है और वह खून के कुल्ले करता हुआ मरता है, वैसे ही हार्ट-अटैक की तकलीफ में वही कैफियतें गरीब भी महसूस करता है। मैं कहना यह चाहता हूं कि जब गरीब की जिंदगानी हमारे माहौल में इतने ज्यादा पिछड़ेपन का शिकार हो गई तो हम किस तरह से अपने देश को आगे ले जा सकेंगे? आज मुल्क के अंदर जो भी रंग-रोगन आपको दिखलाई दे रहा है, यह सब का सब गरीबों की देन है, चाहे यह हमारे पार्लियामेंट के बुलंद एवान हों, चाहे यह लकड़ियों के बेहतरीन फ्रेम हों, चाहे हम तमाम लोगों के वह स्कूल जिसमें पढ़-लिख कर हम पार्लियामेंट और संसद में आकर के मुल्क की नुमांदगी कर रहे हैं, इन सब के पीछे गरीब के खूनो-जिगर हमें दिखलाई देती है। ऐसी सूरत में होना तो यह चाहिए था कि प्राईवेट मेम्बर बिल जो एम.पीज़.

लाते हैं, उनके बजाय यह गरीबों के लिए रोज़ी, रोटी, कपड़ा और मकान के लिए सरकार बिल लाती, जिसमें यह तय होता कि हम यह तय करेंगे।

सर, पंचवर्षीय योजनाएं बनती हैं हर काम के लिए, मगर रिजल्ट जीरो बटा सन्नाटा की शक्ल में हमको दिखलाई देता है। एक योजना, काश, हमारे देश में ऐसी भी बने और हर पार्टी मिलजुलकर के यह तय कर ले तो पांच साल के बाद कोई बच्चा भूख से नहीं मरेगा, पांच साल के बाद कोई बदन कपड़े से खाली नहीं होगा, पांच साल के बाद हर हिन्दुस्तानी नागरिक को कश्मीर की वादी से लेकर कन्याकुमारी तक और बंगाल की खाड़ी से लेकर गुजरात की वादी तक मकान दिया जाएगा। अगर हमारा यह गरीब रोटी, रोज़ी, कपड़ा और मकान के साथ जुड़ जाए, सिर्फ प्राइमरी आपके लिए इंतजाम कर दिए जाएं तो यह तो अपने दिल-दिमाग का बड़ा बहादुर है। यह तो अपनी आंखों में चमकती हुई बिजली रखता है। यह हिन्दुस्तान को आसमान से ऊंची इज्जत दे सकता है और गरबत में भी इसने दिया है, अफलास में भी इसने दिया है। इसने अपने वजूद का सौदा कभी नहीं किया है।

ऐसी सूरत में अब में आपके सामने दो-तीन बुनियादी मसायल को रखना चाहूंगा एक तो यह है कि अब गरीबों की पोजीशन तो जो है, आपके सामने है, उसमें सरकार की जो नई माआशी पालिसी आई है, इकोनोमिक पालिसी आई है, उसमें आठ लाख लोग इस साल नौकरी से बाहर हो जाएंगे। वह आठ लाख लोग इस साल नौकरी से बाहर हो जाएंगे, जिनको रोजी रोटी मिली हुई है। सवाल तो प्राइवेट मेम्बर बिल में हमारे सुरेश पचौरी जी का यह है कि रोजी मिले, रोटी मिले, कपड़ा, मिले, मकान मिले, मगर जब आर्थिक पालिसी में आठ लाख लोग इसी साल नौकरी से अलहदा कर दिए जाएंगे रोटी, रोजी, कपड़ा और मकान उनको क्या मिलेगा जो अभी तक नौकरी के साथ जुड़े ही नहीं हैं? जो नौकरी में हैं वही निकाले जा रहे हैं तो जो नौकरी में नहीं हैं, उनके सामने मायूसियों का बादल किस तरह छाएगा और उनके दिल-दिमाग पर ना-उम्मीदी और हसरत का पानी किस तरह बरसेगा? इस को सरकार को फिर सोचने की जरूरत है।

सर, इसी के साथ साथ एक बात और कहना चाहूंगा . . . कि मौजूदा सरकार के आने के बाद एक साल के अन्दर माली हालत सुधरने के बजाय दो करोड़ गरीब लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं। आप मुझे बताइये,

"इब्तदा-ए-इश्क है रोता है क्या,
आगे-आगे देखिए होता है क्या।"

हम गरबत व अफलास को दूर करने के लिए अपने खून जिगर को बहाने की कसम जिन गरीबों के बीच में वोट हासिल करने के लिए खाकर के आते हैं, आज आप देखें कि गरीबों का हश्र क्या हो रहा है? पीलीभीत के जंगल में जो लोग मारे गए वह भी, सर, वही थे जिन गरीबों के अहसानात को हम समझकर इस हाऊस में बोल रहे हैं। हिन्दुस्तान की सरजमीं पर जहां-जहां भी लाशें तड़फती हुई देखने को मिलती हैं, वहीं-वहीं किसी गरीब का बाप मारा जाता है, किसी गरीब का बेटा मारा जाता है, किसी गरीब के भाई की लाश उठायी जाती है और किसी गरीब मां-बाप की आंखों का नूर और उसके दिल का सरूर छीन लिया जाता है। ऐसी सूरत में बताया जाए कि जो दो करोड़ लोग गरीबी की रेखा के नीचे चले गए हैं और करोड़ों की शक्ल में हमारे सामने हर आने वाले साल में यही स्थिति कायम होती है, इसी सूरते हाल का हम मुकाबला करते हैं। तो,

"चमन में हमारे खज़ा का दौर दौरा
कब खत्म होगा,
और हवा यही जो रहेगी तो ए नकीबे बहार,
कहां से आएंगी रानाईयां चमन के लिए।"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Please conclude.

**मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी** : बस, आखरी बात कह रहा हूं। तीसरी बात, मैं यह कहना चाहूंगा कि पिछले साल हमारे वज़ीरे आज़म हिन्द ने बहुत जोरशोर के साथ एलान किया था कि राशन की दुकानें गरीबों के लिए राजस्थान में खुलवाई गई हैं, ताकि गरीबों को सस्ते दाम में राशन मिले। तो राजस्थान में गरीबों के लिए पिछले महीने जो दुकानें खुली, उसका क्या हश्र हुआ ? हमारे अखबार-नवीस तो बड़ी फ़रागत वाले लोग होते हैं। उनकी नाक बहुत तेज होती है, दूर से खतरे की बू सूंघ लेते हैं। गड़े हुए मर्दे को उखाड़कर हुकूमत की सी०बी०आई० जो तफशीश न कर पाए, वह अखबार वाले उसकी तफशीश कर लिया करते हैं। मैं अखबार वालों को इस जानकारी पर भी बधाई दूंगा कि वह सुरागरसां पत्रकार वहां पहुंच गए और जब गांव वालों से मुलाकात करके उन्होंने पूछा कि तुम्हारा राशन की दुकानों का क्या हाल है, तुम्हें राशन किस तरह से मिलता है ? तो गांव वालों ने कहा कि पहले तो बहुत मुश्किल से राशन मिलता था मगर पूरा मिल जाया करता था। लेकिन अब आसानी से मिलता है मगर उसकी मिकदार बहुत कम कर दी है। उसके जरिए हमारा काम नहीं चलता है। सर, मैं एक बात और कहूंगा। अनाज बांटने के लिए जो रकम एफ०सी०आई० की तरफ से देश में बांटी जा रही है उसकी मिकदार ही इतनी कम है कि किसी भी सस्ते गल्ले की दुकान से गरीब का पेट भरने का कोई सवाल पैदा नहीं होता और फिर अब ताजा तरीन जो मुसीबत आई है नहले पर दहला है, चौके पर छक्का लगाती हुई दिखलाई पड़ रही है। अब जो मुसीबत बारिश न होने की वजह से पैदा हो गई है नजला बर हज़वे जईफ़ नजला गिरता भी है तो जईफ़ के बदन के किसी न किसी हिस्से पर। इसमें भी यही गरीब हिंदुस्तान से कब्रिस्तान जाने वाले हैं। मुल्क के आधे हिस्से में तकरीबन कहरसाली और खुश्कसाली का माहौल पैदा हो गया। अगर अनाज नहीं मुहैया कराया गया गरीबों के लिए राशन की दुकानें नहीं खोली गई उनको सब्सीडी नहीं दी गई तो गरीब तो अपनी मौत आप ही मर जाएगा। हमने अपने लोगों को अनाज फ़राहम नहीं किया। एक तरफ हालत यह है कि गरीबों की कोई चिंता इस सरकार को नहीं है। अगर चिंता होती तो जैसे कहते हैं कि—घर में दीया जलाओ बाद में बाहर दीया जलाओ। पहले घर में रोशनी करो बाद में बाहर लोगों को सूरज का उजाला भेजो। मगर हमारी सराकर घर में अंधेरा रखकर के बाहर से वाह-वाही लूटना चाहती है जिसकी जिन्दा मिसाल यह है कि देश में लाखों लोग भूखे मर रहे हैं, करोड़ों लोग गुरबत की सतह के नीचे जा चुके हैं मगर हमारी सरकार का ऊंचा कारनामा यह है कि हमारी सरकार अपने गरीबों के मुंह में दाना-पानी डालने के बजाय वन हण्ड्रेड डालर फी मिट्रिक टन सस्ते दाम में अनाज बाहर बेच चुकी है, जबकि 180 डालर फी मिट्रिक टन अमरीका से खरीदा गया है। अब जरा सोचिए तो सही, यह तरीकेकार कौन सा है,

"इस सादगी पर कौन न मर जाए ए खुदा,
लड़ते हैं मगर हाथ में तलवार तक नहीं।"

हिन्दुस्तान का आदमी तो भूख से कब्रिस्तान जा रहा है और हिन्दुस्तान का अनाज 100 डालर फी मिट्रिक टन पर बाहर बेचा जा रहा है। और 180 डालर फी मैट्रिक टन पर अमरीका से खरीदा जा रहा है। अगर इसी तरह से खरीद-फरोख्त रहा तो इस देश का बाजा बज जाएगा और गरीब के अंदर एक ऐसी मंजिल आ जाएगी कि गरीब जब भूख से तड़पेगा, मरेगा तो वह चोरी करेगा, डकैती डालेगा अपने बाल-बच्चों को खिलाने के लिए जो कुछ उससे सम्भव हो सकेगा, वह सब कुछ करेगा। ऐसी सूरत में हमारी सरकार आगे दनदनाते हुए दौड़ेगी : पुलिस दौड़ेगी, जेलों में डाला जाएगा, लाठियों से पीटा जाएगा, गोलियों से मारा जाएगा। गरीब को खाने के लिए लाठी गोली की जरूरत नहीं है ! गरीब को खाने के लिए हिन्दुस्तान में पैदा होने

वाले उस अनाज की जरूरत है जिस अनाज के जरिए उसके दिल-दिमाग रोशन हो सकें। मैं हुकूमत से यह कहना चाहूंगा कि अगर हुकूमत इस लाइन पर आ जाए और हिंदुस्तान के आदमियों को इंसान बनाने की कोशिश करे तो ये ज्यादा बेहतर होगा कि बाहर के पेटभरू लोगों को पैसा दे करके पैसों का रोना रोना और घड़ियाली आंसू बहाना बंद कर दें, तो ये ज्यादा बेहतर होगा।

सर, एक बात और कहूंगा। इस हाऊस में हमारे लेबर मिनिस्टर ने देहाती गरीबों के बारे में जो बहस अभी दो-चार रोज पहले हुई उसके जवाब में कहा था, कि देश भर में चार करोड़ नौजवान बेकार हैं जिनका नाम इम्प्लाइयमेंट एक्सचेंज में दर्ज है। ये चार करोड की तादाद हमारे लेबर मिनिस्टर आफ इंडिया ने दी है। अब आप जरा सोचें कि बेकारी, बेरोजगारी और गुरबत का माहौल कितना शबाब पर है इस मुल्क में, एक तरफ तो काम करने वालों को काम से हटा रहे हैं और दूसरी तरफ करोड़ो नौजवान बेकार भी हैं फिर ऐसी सूरत में इस तरह के बिल से आखिर सिर्फ बात ही हो सकेगी, सरकार इस पर भी कोई काम नहीं करेगी, इसलिए मैं गुजारिश करता हूं कि हुकूमत इस माहौल में ध्यानपूर्वक इस चीच को अपने सामने रखते हुए गरीबों की समस्याओं पर एक बिल लाए और बाकायदा ये तय करे कि मुल्क से गुरुबतो-अफलास का खात्मा किस तरह से करेगी और सरकार को चाहिए कि यह बिल लाते हुए गरीबों के लिए छोटे-छोटे उद्योग लगाकर उनके लिए रोजी-रोटी और कपड़े का इंतजाम करे।

महोदय, पचास हजार आदमी बाम्बे में रोड पर रहते हैं, खाने को रोटी नहीं, पहनने को कपड़ा नहीं, सोने को छत नहीं, आमासन के नीलगोशामियाने के नीचे वह सो रहे है। जब देश में ये हालत होगी और दूसरी तरफ इंसान बेचे जायें, एक्सप्लॉयटेशन दिया जाए, दूसरा रुख देख करके शर्म सी आती है। दुनिया हमारे इस माहौल पर, हमारे इस तरीकेकार पर शर्म से अपना सिर झुकाती है। खुदा करे सारी हमारी हुकूमत को भी शर्म आए और हमारी हुकूमत भी इस मामले में सोचे। सरकार ने तरह-तरह की योजनायें तो जरूर बना रखी हैं। जैसे जवाहर रोजगार योजना सरकार न बनाई है। इसमें बेरोजगारों को रोजगार देने वाली बात कही गई है मगर रोजगार क्या मिलेगा? गांवों की पूरी तरक्की की योजना बनाई गई है आई.आर.डी. के तहत मगर गांवों में चले जाइए, हिंदुस्तान में 8 लाख से ज्यादा गांव हैं। **(समय की घंटी)** जिनमें 3 लाख गांवों में तो पीने का पानी नहीं है, सडकें नहीं हैं, बिजली नहीं है, मैं क्या बताऊं, आपसे क्या नहीं है, अब आप जब बार-बार घंटी हो बजा रहे हैं तो इतना ही कहकर अपनी बात खत्म कहूंगा कि --

"एक हंगामा-ए-महशर हो तो उसको भूलू, सेंकडौं बातों का रह-रह के ख्याल आता है"

हो सकता है कि इस उर्दू की सुर्दू करने में, हिन्दी की चिन्दी करने में, अंग्रेजी की रंगरेजी करने में इस सरकार को गैरत आए और यह सरकार अपने कर्तव्य के लिए, सोचे, अंधेपन से निकले बहरेपन से निकले, हमारी आवाज को सुने और गरीबों के हित में काम करने के लिए यह सरकार तैयार हो, यही कहते हुए अपनी नातमाम बात खत्म कर रहा हूं।

"बरगेहिना पे लिखता हूं मैं दर्दे दिल की बात, शायद ये रफ्ता-रफ्ता लगे दिलरूबा के हाथ"

थैंक यू, शुक्रिया।

†مولانا عبیداللہ خان اعظمی (اتر پردیش): شرییمان وائس چیئرمین سر، روزی روٹی کپڑا اور مکان پر ہمارے بھائی جناب سریش پچوری کا جو پرائیویٹ ممبر بل چل رہا ہے۔ اس پریشان حال اور غربت و افلاس سے مارے ہوئے ملک میں یہ بہت ہی اچھی بات ہے کہ ایسے نازک سبجیکٹ پر ان کے بل کے ذریعے ہمیں پارلیمنٹ میں بحث کرنے کا موقع مل رہا ہے۔

پورا ملک روزی۔ روٹی۔ کپڑا اور مکان کے متعلق جن حالات سے گزر رہا ہے۔ ان حالات کی جانکاری نہ صرف یہ کہ ملکوں والوں کی ہے۔ بلکہ دنیا کے سارے ترقی پسند ملک ہندوستان کی اس حالت زار پر سیاسی اور اخلاقی دونوں کے آنسو بہتے ہیں اور طرح طرح کے اعتراضات اور طرح طرح کے تبصرے ہندوستان میں رہنے والے غریبوں کی غربت پر دیشی ملکوں میں ہوتا ہے میں آپ کے ذریعے اپنے ایسپکٹیڈ بزرگ وزیر موصوف سے کہنا چاہوں گا کہ ہندوستان کی حالت اس وقت یہ ہے کہ

سن تو صحیح جہاں میں ہے تیرا فسانہ کیا
کہتی ہے تجھ کو خلق خدا غائبانہ کیا

ہمارے ملک میں غریبوں پر گفتگو کرنے کے لئے کوئی بھی پارٹی۔ کوئی بھی سرکار ایسی نہیں ہے جو سرکار میں آنے کے لئے اپنی پارٹی کو طاقتور بنانے کیلئے سیاسی اقتدار کی کرسی پر بیٹھنے کیلئے غریبوں کے بیچ جا کر یہ نہ کہتی ہو کہ ہماری سرکار لاؤ۔ ہمیں کرسی پر بیٹھاؤ۔ ہمارے ہاتھ میں دیش کی باگ ڈور دو۔ تمہارے گھروں میں ہم دودھ کی نہریں بہائیں گے۔ تمہارے بال بچوں کے لبوں سے روٹھا ہوا تبسم ہم واپس لائیں گے۔ تمہارے دل کو ہم حسرت و ارمان کا مزار نہیں بننے دیں گے۔ تمہاری آنکھ کا آنسو ہم خشک کر دیں گے تمہیں رہنے کے لئے مکان۔ کھانے کے لئے روٹی۔ روزگار کیلئے روزی اور تن ڈھانکنے کے لئے کپڑا مہیا کریں گے۔

دیش کے غریبوں کو ہی ایڈریس کرتے ہوئے ہمارے دیش کے نیتا ہر صوبے میں جا کر غریبوں کی ووٹ کی دولت سمیٹتے ہیں غریب کے پاس ایک دولت ہے۔ اس دولت کا نام ووٹ بینک ہے اور غریب ہی اپنی اس دولت کو لیڈروں کے اس طرح کے سیاسی نعروں پر اعتماد کرتے ہوئے اپنی دولت

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

کو پارٹیوں پر بڑی ہی فراخدلی کے ساتھ نچھاور کر دیتا ہے۔ غریب الیکشن کے زمانہ میں سلیکشن کے لئے حکومت کسی پارٹی کی بنانے کے لئے میدان عمل میں اترتا ہے۔ نعرے غریب لگاتا ہے۔ ووٹ غریب ڈالتا ہے۔ لڑائی غریب لڑتا ہے۔ گولی غریب کھاتا ہے۔ جیل غریب جاتا ہے۔ مصیبت غریب اٹھاتا ہے۔ مقدمات میں غریب پھنستا ہے اور وہ غریب یہ سارا کام صرف اس امید کے سہارے کرتا ہے کہ آنے والے دن ہمارے بال بچوں کے اس سنہرے خواب کو پورا کریں گے ہم بھی ہندوستان میں عزت کی روٹی پا سکیں گے عزت کی روٹی پا سکیں گے۔ اچھا کپڑا ہم دوسرے بھائیوں کی طرح پہن سکیں گے اور اچھے مکان میں، کھلے آسمان کے نیچے رہنے کے بجائے، چھت کے نیچے ہمارا جیون بھی محفوظ ہو گا۔

ایک غریب کے دل میں کیسی کیسی افزائشیں پیدا ہوتی ہیں۔ کیسی کیسی امیدوں کا چراغ جلاتے ہوئے وہ ان پارٹیوں کے پیچھے زندہ باد کے نعرے لگاتا ہوا دوڑتا ہے۔ مگر جب یہ پارٹیاں جب ہمارے دیش کی حکمرانی کے تخت پر براجمان ہوتی ہیں تو اس کے بعد اس غریب کو جب روٹی نہیں ملتی، روزی نہیں ملتی، کپڑا نہیں ملتا، مکان نہیں ملتا تو فارسی کے مصرعے کے مطابق اس کی روح پکار اٹھتی ہے:

"اے بسا آرزو کہ خاک شدہ" ہماری یہ آرزو مٹی میں مل گئی ہے۔

سر میں اب بھی ہے سودائے زر و سیم ہوں۔ مگر دل میں تڑپ رہ جاتی ہے ہمسائے کی فغاں۔ سونے کے شمع دانوں میں کافور کے چراغ جلتے ہیں اور دیا بھی میسر نہیں ہے۔ جن لوگوں کو ووٹ ملتا ہے۔ جو لوگ تخت حکمرانی پر آتے ہیں ان کے گھر میں عام آدمی کا جیون بھی اتنا سکھی ہوتا ہے کہ غریب پوری زندگی میں اس سکھ کا صرف خواب ہی دیکھتا رہتا ہے۔ اس غریب کا خواب کبھی بھی شرمندہ تعبیر نہیں ہوتا۔ میں اپنے ملک کی غربت کو بہت قریب سے دیکھ چکا ہوں۔ ہندوستان کے کونے کونے میں میرا جانا ہوتا ہے۔ ملک کے عوام سے میرا ڈائریکٹ رابطہ اور سمبندھ ہے۔ میں نے سسکتے ہوئے بچے دیکھے ہیں۔ جاڑے میں بغیر کپڑے کے مرتے ہوئے بچوں کی لاشیں دیکھی ہیں۔ روزی کے بغیر بھٹکتے ہوئے پڑھے لکھے انسانوں کا قافلہ

کو جب مکان نہیں ملتا۔ اس غریب کو جب روزی روٹی سے نہیں جوڑا جاتا تو ودیشی جاسوس ہمارے اسی غریب کے ہاتھ اور پیر کا استعمال کر کے مادر وطن کی عزت کو خاک میں ملانے کی ناپاک کوشش کرتے ہیں۔ وہ غریب جس نے اپنے ان غربت زدہ ہاتھوں کے ذریعے تاج محل جیسا حسین نمونہ دنیا کے سامنے پیش کیا۔ وہ غریب جس نے پتھر ڈھو ڈھو کر تعمیرات کا وہ حسین فن لال قلعہ کی حیثیت سے اس ہندوستان کے سامنے رکھا۔ یہ اسی غریب کی فنکاری ہے۔ یہ اسی غریب کا ہنر ہے۔ یہ اسی غریب کی اداکاری ہے آج بھی ملک میں سڑکیں جو بن رہی ہیں یہ کسی امیر کا ہاتھ نہیں بناتا۔ بندھوا مزدور کے ہاتھ ہیں۔ جو ان سڑکوں کو امیروں کی کاریں چلنے کا راستہ بناتے ہیں۔ آج بھی مکان کوئی امیر آدمی اپنے ہاتھ سے نہیں بناتا ہے یہ اسی غریب کا ہاتھ ہے۔ جس غریب کو ہاتھ کے ساتھ محنت کرنے کے بعد بھی اس کے بچوں کا مستقبل اس کو تاریک دکھلائی دیتا ہے۔ میں غربت و افلاس کی کہانی کس زبان سے آپ کو سناؤں۔ غریب کی زندگی تو مرنے سے بھی زیادہ بدتر زندگی بن کر رہ گئی ہے اس لئے کہ در قافلہ میری نگاہ سے گزرا ہے۔ میں ہندوستان کے غریبوں کے حالات کی تصویر پارلیمنٹ کے سامنے اس طرح سے رکھنا چاہتا ہوں کہ فٹ پاتھ پر یہ پڑا تھا۔ وہ بھوک سے مرا تھا اور کپڑا اٹھا کر دیکھا تھا تو پیٹ پہ لکھا تھا۔

سارے جہاں سے اچھا ہندوستاں ہمارا
ہم بلبلیں ہیں اس کی یہ گلستاں ہمارا

یہ ہے ہمارے اس ملک میں غریب کی تصویر۔ ہمارے ملک میں انسانوں کی تباہی کا یہ ہولناک منظر ہے یہ جو میں آپ کے سامنے رکھنا چاہتا ہوں۔ آج انسانوں میں بے پناہ جرائم پیدا ہو گئے ہیں۔ ان جرائم کی وجہ کیا ہے۔ جو لوگ بھی جیلوں میں ہیں۔ آپ دیکھیں کہ ان میں سنکھیا اور تعداد امیروں کی کتنی ہے اور غریبوں کی کتنی ہے اور جو لوگ مقدمات میں ماخوذ ہیں آپ اس کا جائزہ لے کر تجزیہ کیجئے کہ اس میں غریبوں کی تعداد کتنی ہے اور امیروں کی تعداد کتنی ہے۔ فسادات کے موقع پر بھی کسی غریب کا پیٹ نہیں بھرتا تو فسادات کے لئے فرقہ پرست لوگ اس کو چار روٹی دیکر اس کا ایکسپلائیٹیشن کر دیتے ہیں۔ اس غریب کا پیٹ جب نہیں بھرتا۔ اس غریب

سر آدمی ایک بار مرتا ہے اور اس کے مرنے کی تکلیف اسے ایک ہی بار محسوس ہوتی ہے مگر غریب تو بار بار مرتا ہے۔ غریب تو لمحہ لمحہ مرتا ہے۔ غریب گھنٹہ گھنٹہ مرتا ہے۔ احساسات کی وادیوں میں اس کا جسم اور اس کی روح چھلنی ہو کر رہ جاتی ہے۔ جب امیر کے اور گھر شہنائیاں بجتی ہیں۔ تب غریب مر جاتا ہے۔ جب کسی امیر کے گھر بے شمار دھن اور دھیج کے ساتھ اس کی بیٹی رخصت کی جاتی ہے۔ تب غریب اپنی بیٹی کا مرجھایا ہوا چہرہ دیکھ کر مر جاتا ہے۔ جب امیر کے گھر ایک بچے کی پیدائش پر ہمارے ہزاروں آدمیوں کو متنجن اور پلاؤ کھلایا جاتا ہے۔ اس وقت غریب اپنی کٹیا میں سسک سسک کر اپنے بچوں کی بھوک اور تڑپن دیکھ کر بلکھتا ہے۔ اور روتا ہے۔ آپ ذرا دیکھیں۔ ہمارا سماج کہاں جا چکا ہے۔ ایک غریب کی زندگی کو جھونپڑوں میں محسوس کیا جا سکتا ہے۔ روڈ پر دیکھا جا سکتا ہے دوا کے بغیر وہ غریب مر جاتا ہے۔ علاج کے بغیر وہ غریب مر جاتا ہے۔ فیس کے بغیر وہ غریب مر جاتا ہے۔ روٹی کے بغیر وہ غریب مر جاتا ہے۔ کپڑے اور مکان کے بغیر اس کی زندگی سرد لاش کی طرح انجمادی کیفیت حاصل کر لیتی ہے آپ مجھے بتائیں کہ ہمارا یہ ۸۰ کروڑ کا ملک۔ جس ملک میں غربت کے خاتمے کے لئے گاندھی جی نے لڑائی لڑی۔ جس ملک میں صرف غلامی کی زنجیریں کاٹنے کی لڑائی نہیں لڑی گئی تھی بلکہ روٹی اور روزی کے اوپر جو غلامی کے پہرے لگے ہوئے تھے۔ ان زنجیروں کو بھی کاٹنے کی لڑائی گاندھی جی نے لڑی تھی۔ ان تمام زنجیروں کے چینل پھر جوڑ دیئے گئے ہیں چند امیروں کے ہاتھ میں ہندوستان کی دولت۔ ہندی کی سرحد ہندوستان کی مان مریادا سسکی ہے وہ امیر اپنے پیسوں کا الیکشن اور سلیکشن کے موقع پر لیڈروں کے اوپر استعمال کر کے پارٹیوں کی حکمرانی قائم کر دیتے ہیں اور اس کے بعد غریب کا خون چوس کر ان امیروں کی جھولی بھری جاتی ہے۔ غریب کو جینے کا کوئی حق نہیں ملتا ہے۔ میں بہت ساری مثالیں آپکے سامنے رکھنا چاہتا ہوں۔ روزی۔ روٹی۔ کپڑا اور مکان یہ چار علیحدہ علیحدہ چیزیں ہیں ان چاروں چیزوں کا تعلق الگ الگ منسٹری سے بھی ہے۔ ہمارے

شری امبیڈکر جی نے صحیح بات کہی تھی کہ جب ہمارے منسٹریز سے ان چاروں سبجیکٹس کا تعلق ہے تو چاروں منسٹریز ہوں یا چاروں منسٹرز ہوں یا پھر یہ کہ پرائم منسٹر جو تمام منسٹریز کو دیکھتے ہیں انہیں کے پاس اس کا جواب ہو سکتا ہے۔ وہی خاطر خواہ ہاؤس کو مطمئن کر سکتے ہیں۔ اس لئے کہ سندان کو دیکھنی ہے۔ کپڑا منترالیہ میں کوئی گڑبڑ ہوتی ہے تو اس کا ڈسیزن جناب وزیراعظم لیتے ہیں۔ بھکمری کے سوالات پر۔ روٹی کپڑا اور مکان کے سوالات پر انسانیت کو غربت اور افلاس کو جہنم سے نکالنے کے سوالات تو نہایت ہی ضروری تھا کہ صرف پرائیویٹ ممبر بل سے یہ کام نہیں چل سکتا۔ پرائیویٹ ممبر بل تو معلوم نہیں کتنے آتے ہیں اور گزر جاتے ہیں میں ان لوگوں کو خراج محبت پیش کرونگا جو لوگ پرائیویٹ ممبر لاکر ہاؤس کی توجہ غریب اور افلاس زدہ لوگوں کی طرف دلواتے رہتے ہیں۔ مگر اس سے زیادہ حکومت کو اس کا خیال ہونا چاہیئے ایک ممبر اور حکمران پارٹی کا ممبر اس احساس سے مر گیا کہ غریب کا مسئلہ یہاں اٹھایا جائے۔ غربت و افلاس کا مسئلہ یہاں اٹھایا جائے۔ کیا یہی بہتر ہوتا کہ ہماری حکمران پارٹی یہ بل لاتی اور اس بل کو باقاعدہ پاس کراتی۔ اس لئے کہ اگر غریب نہیں رہے گا تو ہندوستان کی سبھیتا باقی نہیں رہے گی۔ اس غریب نے غریبی اور غربت و افلاس کے ماحول میں رہنے والے سچے دل کو ہندوستان کے سامنے پیش کیا ہے لوگ تو دلوں میں چلے جاتے ہیں مگر یہ دل والا وفاداری کا راستہ کبھی نہیں چھوڑتا ہے۔ اس کو اگر عزت کی روٹی مل گئی۔ عزت کا کپڑا مل گیا۔ عزت کا مکان مل گیا۔ عزت کی روزی مل گئی تو یہی غریب ہندوستان کے اتول بھوشیئے کا ضامن ہے۔ اس غریب کے ذریعے ہر دور میں ہندوستان کی ترقی ارتقاء کا چراغ جلا ہے۔ اور یہی غریب آنے والے دور میں بھی ہندوستان کی سلامتی اور ہندوستان کی مریادا کی لاج رکھے گا۔ میں ملک بھر کے تمام غریبوں کو خراج محبت پیش کرنا چاہتا ہوں کہ غریب نے کبھی غداری نہیں کی۔ غریبوں نے کبھی غداری نہیں کی غریبوں نے کبھی دو چہرے اپنے نہیں بنائے غریب دیش کے سنودھان کے ساتھ بھی جڑا رہا۔ غریب دیش کی حکومت اور حکمران کے ساتھ بھی جڑا رہا۔ غریب دیش کے کلچر کے ساتھ بھی جڑا۔ غریب دیش کی تہذیب

گئے ہوتے تو آج ہندوستان میں کوئی بھوک سے نہیں مرتا۔ آج ہندوستان میں کم سے کم جسم کو ڈھکنے کے لئے لوگوں کے پاس کپڑا ہوتا۔ چھوٹی سی ایک چھپر ہوتی چھوٹا سا ایک جھونپڑا ہوتا جس میں بیٹھ کر وہ اپنے جو شتے کٹ کر سکتے اپنے بال بچوں کی زندگی کو اور بہتر بنانے کی کوشش کرتے۔

میرا احساس ساری دنیا میں انسان کا ایک ہے۔ چاہے وہ مغرب کا رہنے والا ہو۔ چاہے مشرق کا رہنے والا ہو۔ چاہے جنوب کا رہنے والا ہو چاہے شمال کا رہنے والا ہو ہر انسان کو جب قدرت نے ایک طرح کی آنکھ دی۔ ایک طرح کا دماغ دیا ایک طرح کے ہاتھ پیر دیئے ایک طرح کا دل دیا تو ہر انسان کا احساس بھی ایک طرح کا ہے تکلیف جو امیر اور بادشاہ کو محسوس ہوتی ہے۔ وہی غریب اور جھونپڑی میں رہنے والا بھی محسوس کرتا ہے۔ ہارٹ اٹیک میں جس وقت امیر زادے کو تکلیف ہوتی ہے اور وہ تڑپ تڑپ کے کلمے کرتا ہوا مرتا ہے۔ ویسے ہی ہارٹ اٹیک کی تکلیف میں وہی کیفیت غریب آدمی بھی محسوس کرتا ہے۔ میں کہنا یہ چاہتا ہوں کہ جب غریب کی زندگانی ہمارے ماحول میں الٹنے زیادہ پچھڑے پن کا شکار ہو گئی اور شرافت کے ساتھ بھی جڑا رہا۔

ہاں ہاں یہی وہ غریب ہے جس نے ہندوستان کی مٹی اور ذرے کو اٹھایا اور عرش آشیاں کا مسافر بنا کر رکھا۔ یہ وہ غریب ہے جو ہر چلنے والے راہی کے پیر کی دھول بن کر اس سے کہتا ہے

بیدم ہوں مگر ساتھ نہ چھوڑونگا تمہارا
تم لوگ مسافر ہو تو میں گرد سفر ہوں

یہ گرد سفر کی طرح غریب چلتا جاتا ہے۔ اگر غریب کے غربت زدہ ماحول سے اگر اس کو نکالنے کی کوشش نہیں کی گئی تو آج پورے ملک میں جو تعصب کا دھواں اٹھ رہا ہے جو تعصب کی چادر انسان اوڑھے ہوئے ہیں جو نفرت کے بادل چھا رہے ہیں جو وحشت کا پانی برس رہا ہے منجملہ تمام مسائل اور معاملہ میں ایک سب سے بڑی یہ ہے کہ اگر ہم غریب کی غربت دور کئے ہوتے۔ اگر ہر حکومت نے اخلاص اور وفاداری کے ساتھ سمجھا ہوتا۔ اپنے مینی فیسٹو پر عمل کیا ہوتا۔ غریبوں سے ان کے علاقے میں ان کے ووٹ مانگنے کے لئے ان کے ووٹ کی دولت حاصل کرنے کے لئے جس وقت ہم لوگ جاتے ہیں اور ہمارے لیڈروں نے جو وعدے کئے اگر ابھی اگر پورے کئے

تو ہم کس طرح سے اپنے دیش کو آگے لے جا سکیں گے۔ آج ملک کے اندر جو بھی رنگ و روغن آپکو دکھائی دے رہا ہے۔ یہ سب غریبوں کی دین ہے۔ چاہے وہ اسکول جس میں پڑھ کر ہم پارلیمنٹ میں اور سنسد میں آئے۔ ملک کی سرمایہ داری کھڑی ہے ان سب کے پیچھے غریب کے خون جگر ہی دکھلائی دیتی ہے۔ ایسی صورت میں ہوتا تو یہ چاہیئے تھا کہ پرائیویٹ ممبر بل جو ہم لاتے ہیں۔ ان کے بجائے یہ غریبوں کیلئے روزی روٹی کپڑا اور مکان کے لئے سرکار بل لاتی جس میں یہ طے ہوتا کہ ہم یہ طے کریں گے۔

سمر پنچ ورشئے یوجنا بنتی ہے ہر کام کیلئے مگر رزلٹ زیرو بٹا سناٹا کی شکل میں ہم کو دکھلائی دیتا ہے ایک یوجنا کاش۔ ہمارے دیش میں ایسی بھی بنے اور ہر پارٹی مل جل کر کے یہ طے کرے تو پانچ سال کے بعد کوئی بچّہ بھوک سے نہیں مرے گا پانچ سال کے بعد کوئی بدن کپڑے سے خالی نہیں ہوگا۔ پانچ سال کے بعد ہر ہندوستانی ناگرک کو کشمیر کی وادی سے لے کر کنیا کماری تک اور بنگال کی کھاڑی سے لے کر گجرات کی وادی تک مکان دیا جائے گا۔ اگر ہمارا یہ غریب روٹی روزی کپڑا اور مکان کے ساتھ جڑ جائے صرف پراگرتی آپ کے لئے انتظام کر دیا جائے۔ تو یہ تو اپنے دل دماغ کا بڑا بہادر ہے۔ یہ تو اپنی آنکھوں میں چمکتی ہوئی بجلی رکھتا ہے۔ یہ ہندوستان کو آسمان سے اونچی عزت دے سکتا ہے۔ اور غربت میں بھی اس نے دیا ہے افلاس میں بھی اس نے دیا ہے۔ اس نے اپنے وجود کا سودا کبھی نہیں کیا ہے۔

ایسی صورت میں اب میں آپکے سامنے دو تین بنیادی مسائل رکھنا چاہتا ہوں ایک تو یہ ہے کہ اب غریبوں کی پوزیشن تو جو ہے۔ آپ کے سامنے ہے۔ اس میں سرکار کی جو نئی معاشی پالیسی آئی ہے۔ اکونامک پالیسی آئی ہے۔ اس میں آٹھ لاکھ لوگ اس سال نوکری سے باہر ہو جائیں گے۔ وہ آٹھ لاکھ لوگ اس سال نوکری سے باہر ہو جائیں گے جن کو روزی روٹی ملی ہوئی ہے سوال تو پرائیویٹ ممبر بل میں ہمارے سریش پچوری جی کا یہ ہے کہ روزی ملے۔ روٹی ملے کپڑا ملے مکان ملے۔ مگر جب آرتھک پالیسی میں آٹھ لاکھ لوگ اسی سال نوکری سے علیحدہ

کر دیئے جائیں گے۔ روٹی۔ روزی۔ کپڑا اور مکان ان کو کیا ملے گا۔ جو ابھی تک نوکری سے جڑے نہیں تھے۔ جو نوکری میں ہیں۔ وہی نکالے جا رہے ہیں تو جو نوکری میں نہیں ہیں۔ ان کے سامنے مایوسیوں کا بادل کس طرح چھائے گا اور ان کے دل و دماغ پر ناامیدی اور حسرت کا پانی کس طرح برسے گا۔ اس کو سرکار کے لئے سوچنے کی ضرورت ہے پھر اس کے ساتھ ساتھ ایک بات اور کہنا چاہوں گا کہ موجودہ سرکار کے آنے کے ایک ایک سال کے اندر مالی حالات سدھرنے کے بجائے دو کروڑ غریب لوگ غریبی کی ریکھا سے نیچے چلے گئے ہیں، آپ مجھے بتلائیے۔

ابتدائے عشق ہے روتا ہے کیا
آگے آگے دیکھئے ہوتا ہے کیا

ہم غربت و افلاس کو دور کرنے کے لئے اپنے خون جگر کو بہانے کی قسم جن غریبوں کے بیچ ووٹ حاصل کرنے کے لئے کھا کر آتے ہیں، آج آپ دیکھیں کہ غریبوں کا حشر کیا ہو رہا ہے۔ پیلی بھیت کے جنگل میں جو لوگ مارے گئے۔ وہ بھی سر۔ وہی تھے جن غریبوں کے احساسات کو ہم سمجھ کر افلاس میں لوٹ رہے ہیں۔ ہندوستان کی سرزمین پر جہاں جہاں بھی لاشیں ہمیں تڑپتی ہوئی دیکھنے کو ملتی ہیں۔ وہیں وہیں کسی غریب کا باپ مارا جاتا ہے کسی غریب کا بیٹا مارا جاتا ہے کسی غریب کا بھائی مارا جاتا ہے کسی غریب کے بھائی کی لاش اٹھائی جاتی ہے اور کسی غریب ماں باپ کی آنکھوں کا نور اور اس کے دل کا سرور چھین لیا جاتا ہے۔ ایسی صورت میں بتائیے بتایا جائے کہ جو دو کروڑ لوگ غریبی کی ریکھا سے نیچے چلے گئے ہیں اور کروڑوں کی شکل میں ہمارے سامنے ہر آنے والے سال میں یہی استھتی قائم ہوتی ہے۔ ایسی صورت حال کا ہم مقابلہ کرتے ہیں تو چمن میں ہمارے خزاں کا دور دورہ کب ختم ہوگا۔

اور ہوا یہی جو رہے گی تو اے نقیب بہار
کہاں سے آئیں گی رعنائیاں چمن کے لئے

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Please conclude.

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: بس آخری بات کہہ رہا ہوں۔ تیسری بات۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ پچھلے سال ہمارے وزیر اعظم جی نے بہت زور شور کے ساتھ اعلان کیا تھا کہ راشن کی دکانیں غریبوں کیلئے راجستھان

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

دکان سے غریب کا پیٹ بھرنے کا کوئی سوال پیدا نہیں ہوتا اور پھر اب تازہ ترین جو مصیبت آئی ہے وہ نہلے پہ دہلا ہے چوکے پہ چھکا لگاتی ہوئی دکھلائی پڑ رہی ہے۔ اب جو مصیبت بارش نہ ہونے کی وجہ سے پیدا ہو گئی ہے۔ نزلہ بر عضو ضعیف، نزلہ گرتا بھی ہے تو ضعیف کے بدن کے کسی نہ کسی حصہ پر۔ اس میں بھی یہی غریب ہندوستان سے قبرستان جانے والے ہیں۔ ملک کے آدھے حصے میں تقریباً قحط سالی اور خشک سالی کا ماحول پیدا ہو گیا۔ اگر اناج نہیں مہیا کرایا گیا، غریبوں کے لئے راشن کی دکانیں نہیں کھولی گئیں، ان کو سبسڈی نہیں دی گئی تو غریب اپنی موت آپ مر جائے گا۔ ہم نے اپنے لوگوں کو اناج فراہم نہیں کیا۔ ایک طرف تو حالت یہ ہے کہ غریبوں کی کوئی چنتا اس سرکار کو نہیں ہے۔ اگر چنتا ہوتی تو جیسے کہتے ہیں کہ "گھر میں دیا جلاؤ بعد میں باہر دیا جلاؤ"۔ پہلے گھر میں روشنی کرو، بعد میں باہر لوگوں کو سورج کا اجالا بھیجو۔ مگر ہماری سرکار گھر میں اندھیرا رکھ کر باہر کے سے واہ واہی لوٹنا چاہتی ہے جس کی زندہ مثال یہ ہے کہ دیش کے لاکھوں لوگ بھوک کے مارے مر رہے ہیں، کروڑوں

میں کھلائی گئی ہیں تاکہ غریبوں کو سستے داموں میں راشن ملے۔ تو راجستھان میں غریبوں کے لئے پچھلے چھ مہینے سے دکانیں کھلیں، اس کا کیا حشر ہوا۔ ہمارے اخبار نویس تو بڑی فراغت رکھنے والے لوگ ہوتے ہیں۔ ان کی ناک بہت تیز ہوتی ہے۔ دور سے خطرے کی بو سونگھ لیتے ہیں۔ گڑے ہوئے مردے کو اکھاڑ کر حکومت کی سی۔ بی۔ آئی۔ جو تفتیش نہ کر پائے وہ اخبار والے اس کی تفتیش کر لیا کرتے ہیں۔ میں اخبار والوں کو اس جانکاری پر بھی بدھائی دوں گا کہ سراغرساں نامہ نگار وہاں پہنچ گئے اور جب گاؤں والوں سے ملاقات کر کے انہوں نے پوچھا کہ تمہاری راشن کی دکانوں کا کیا حال ہے۔ تمہیں راشن کس طرح سے ملتا ہے تو گاؤں والوں نے کہا کہ پہلے تو بہت مشکل سے راشن ملتا تھا مگر پورا مل جایا کرتا تھا لیکن اب آسانی سے ملتا ہے مگر اس کی مقدار کم بہت کم کر دی گئی ہے۔ اس کے ذریعہ ہمارا کام نہیں چلتا ہے۔ سر، میں ایک بات اور کہوں گا۔ اناج بانٹنے کے لئے جو رقم ایف۔ سی۔ آئی۔ کی طرف سے دیش میں بانٹی جا رہی ہے اس کی مقدار بھی اتنی کم ہے کہ کسی بھی سستے غلے کی

لوگ غربت کی سطح سے نیچے جا چکے ہیں مگر ہماری سرکار کا اونچا کارنامہ یہ ہے کہ ہماری سرکار اپنے غریبوں کے پیٹ میں دانا پانی ڈالنے کے بجائے ملن ہنڈریڈ ڈالر فی میٹرک ٹن سستے دام میں اناج باہر بھیج چکی ہے جبکہ ۱۸۰ ڈالر فی میٹرک ٹن امریکہ سے خریدا گیا ہے۔ اب ذرا سوچئے تو صحیح یہ طریقہ کار کون سا ہے۔ اس سادگی پہ کون نہ مر جائے اے خدا لڑتے ہیں مگر ہاتھ میں تلوار تک نہیں ہندوستان کا آدمی تو بھوک سے قبرستان جا رہا ہے اور ہندوستان کا اناج ۸۰ ڈالر فی میٹرک ٹن پہ باہر بھیجا جا رہا ہے اور ۱۸۰ ڈالر فی میٹرک ٹن پہ امریکہ سے خریدا جا رہا ہے اگر اسی طرح سے خرید و فروخت رہا تو اس دیش کا باجا بج جائے گا اور غریب کے اندر ایک ایسی منزل آجائے گی کہ غریب جب بھوک سے تڑپے گا مرے گا تو چوری کرے گا۔ ڈکیتی ڈالے گا۔ اپنے بال بچوں کو کھلانے کیلئے جو کچھ اس سے ممکن ہو سکے گا۔ وہ سب کچھ کرے گا۔

ـــــ ایسی صورت میں ہماری سرکار آگے دندناتے ہوئے دوڑے گی۔ اپنے بال بچوں کو کھلانے کے لئے جو کچھ اس سے ممکن ہو سکے گا کرے گا۔ ایسی صورت میں ہماری سرکار آگے دندناتی ہوئی دوڑے گی جیلوں میں ڈالا جائے گا۔ لاٹھیوں سے پیٹا جائے گا۔ گولیوں سے مارا جائے گا۔ غریب کو کھلانے کے لئے لاٹھی گولی کی ضرورت نہیں ہے۔ غریب کو کھلانے کے لئے ہندوستان میں پیدا ہونے والے اس اناج کی ضرورت ہے۔ جس اناج کے ذریعے اس کے دل دماغ روشن ہو سکیں۔ میں حکومت سے یہ کہنا چاہوں گا کہ اگر حکومت اس لائن پر آجائے اور ہندوستان کے آدمیوں کو انسان بنانے کی کوشش کرے تو یہ زیادہ بہتر ہوگا کہ باہر کے پیٹ بھرو لوگوں کو پیسہ دے دے کر کے پیسہ کا رونا رونا اور گھڑیالی آنسو بہانا بند کر دیں تو یہ زیادہ بہتر ہوگا۔

سر۔ ایک بات اور کہوں گا۔ اس ہاؤس میں ہمارے لیبر منسٹر نے دیہاتی غریبوں کے بارے میں جو بحث ابھی دو چار روز پہلے ہوئی اس کے جواب میں کہا تھا کہ دیش بھر میں چار کروڑ نوجوان بیکار ہیں۔ جن کا نام ایمپلائمنٹ ایکسچینج میں درج ہے۔ یہ چار کروڑ کی تعداد ہمارے لیبر منسٹر آف انڈیا نے دی ہے۔ اب آپ ذرا سوچیں کہ بیکاری بیروزگاری اور غربت کا ماحول کتنا شباب پر ہے۔ اس ملک میں ایک

طرف لوکام کرنے والوں کو کام سے ہٹا رہے ہیں اور دوسری طرف کروڑوں نوجوان بیکار بھی ہیں۔ پھر ایسی صورت میں اس طرح کے بل سے آخر صرف بات ہی ہو سکے گی سرکار اس پر بھی کوئی کام نہیں کرے گی۔ اس لئے میں گزارش کرتا ہوں کہ حکومت اس ماحول میں دھیان پورک اس چیز کو اپنے سامنے رکھتے ہوئے غریبوں کی سمسیاؤں پر ایک بل لائے۔ اور باقاعدہ یہ طے کرے کہ ملک سے غربت و افلاس کا خاتمہ کس طرح سے کرے گی اور سرکار کو چاہئیے کہ یہ بل لاتے ہوئے غریبوں کے لئے چھوٹے چھوٹے ادھیوگ لگا کر ان کے لئے روزی روٹی اور کپڑے کا انتظام کرے۔

مہودے۔ پچاس ہزار آدمی بامبے میں روڈ پر رہتے ہیں کھانے کو روٹی نہیں پہننے کو کپڑا نہیں سونے کو چھت نہیں آسمان کے نیلگوں شامیانے کے نیچے وہ سو رہے ہیں۔ جب دیش میں یہ حالت ہوگی اور دوسری طرف انسان بیچے جائیں۔ ایکسپلائٹیشن کیا جائے۔ دوسرا رخ دیکھ کر کے شرم سی آتی ہے۔ دنیا ہمارے اس ماحول پر۔ ہمارے اس طریقہ کار پر شرم سے اپنا سر جھکاتی ہے۔ خدا کرے ہماری حکومت کو بھی شرم آئے اور ہماری حکومت بھی اس معاملے میں سوچے۔ سرکار نے طرح طرح کی یوجنائیں تو بنا رکھی ہیں۔ جیسے جواہر روزگار یوجنا سرکار نے بنائی ہے۔ اس میں بیروزگاروں کو روزگار دینے والی بات کہی گئی ہے۔ مگر روزگار کیا ملے گا۔ گاؤں کی پوری ترقی کی یوجنا بنائی گئی ہے۔ آئی۔ آر۔ ڈی کے تحت مگر گاؤں میں چلے جائیے ہندوستان میں آٹھ لاکھ سے زیادہ گاؤں ہیں... وقت کی گھنٹی جن میں تین لاکھ گاؤں میں تو پینے کا پانی نہیں ہے سڑکیں نہیں ہیں۔ بجلی نہیں ہے۔ میں کیا بتاؤں آپ سے کیا نہیں ہے اب آپ جب بار بار گھنٹی بجا ہی رہے ہیں تو اتنا ہی کہہ کر بات ختم کروں گا کہ

"ایک ہنگامہ محشر ہو تو اسکو بھولوں
سینکڑوں باتوں کا رہ رہ کے خیال آتا ہے"

ہو سکتا ہے کہ اس اردو کی سرد و کرنے میں۔ ہندی کی چندی کرنے میں انگریزی کی رنگریزی کرنے میں اس سرکار کو غیرت آئے اور یہ سرکار اپنے کرتویہ کے لئے سوچے اندھے پن سے نکلے۔ بہرے پن سے نکلے ہماری آواز کو سننے اور غریبوں کے ہت میں کام کرنے کے لئے یہ سرکار تیار ہو یہی کہتے ہوئے اپنی ناتمام بات ختم کر رہا ہوں

برگ حنا پہ لکھتا ہوں میں درد دل کی بات
شاید یہ رفتہ رفتہ لگے دل ربا کے ہاتھ

تھینک یو۔ شکریہ۔ "ختم شد"

**श्री सैयद सिब्ते रजी** (उत्तर प्रदेश) : वाईस चैयरमैन साहब, अभी आपने हमारे बड़े काबिल और लायक दोस्त मौलाना आबेदुल्ला खान आजमी साहब की तकरीर सुनी। ये अलफाज की जादूगरी के मालिक हैं और यकीनी तौर पर मेरे ऊपर भी उसका सहर हुआ है मगर सहर हमेशा पायदार नहीं होता और थोड़ी देर के बाद यह टूट जाया करता है।

मैं अपनी तकरीर जो इस बिल के सिलसिले में है इस तरह से शुरू करूंगा कि याद दिलाऊंगा आपको भारत के संविधान की उदेश्यिका की जो आजादी के बाद हमारी संविधान सभा ने कांस्ट्रीट्यूएशन को एडाप्पट करते हुए प्रियेम्बल में कही थी --

"हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): This question was raised earlier also. You were not there. The same point was raised by Mr. Ambedkar.

SHRI SOM PAL: I do not know.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): The ruling was given by the Chair that the word 'welfare' is there, and that the Minister of welfare would reply to it. Secondly, there is joint responsibility of the Cabinet. Any Minister can reply. This point was discussed earlier also. You were not there.

SHRI SOM PAL: Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Now, Mr. Viduthalai Virumbi. Not more than five minutes. You always make very short speeches. Maintain it today.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to speak on a very important issue concerning the whole nation.

The Bill seeks to provide the basic necessities to the people. Sir, after forty-five years of our Independence, still we are talking about providing food, cloth, shelter and employment to our people. We have not been affected like Germany or Japan. Japan was affected by the Second World War. Germany was also affected by the Second World War. We have not been affected like that. In spite of it, we are still struggling for our basic needs. There is a reason, a fundamental reason, which we must know.

If you ask whether our industries have been developed in the last four decades in our country, the answer is 'Yes', but not to the extent it ought to have. For example, India is one among the poor countries. We say that we are a developing country, but it is a poor country. When it is a poor country, there is less in-

[Shri S. Viduthalai Virumbi]

vestment. Less investment means less income. Less income means less saving. Less saving means less investment. Less investment means less output. Again, there will be less income. It has become a vicious circle. Unless we break this vicious circle, we cannot improve things. We have to break this vicious circle. We could not. The reasons are: firstly, the population explosion. Secondly, failure in the implementation of all our five-year Plans.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): Sir, there is no Minister available. No Minister is available.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr Virumbi, just one minute.

SHRI SANG PRIYA GAUTAM (Uttar Pradesh): If at all there is a Minister, where is he or she? Not available at all. Not visible at all.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): He has come back. He has been sitting since long. Unfortunately, there is nobody to relieve him.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: He has only gone out to come back.

**कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी)**: मान्यवर, कई ऐसे क्षण आते हैं, शरीर है, कहां एक सेकंड के लिए आना-जाना हो। सभी इंद्रियों को बंद करके यहां बैठा तो नहीं जा सकता।

**श्री संघ प्रिय गौतम**: रोस्टर ड्यूटी पर भी तो होंगे मंत्री जी?

**श्री सीताराम केसरी**: अब जो हो, मैं आपके सामने उपस्थित हूं।

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, what is the position in regard to unemployment? In 1982, the number of unemployed, educated unemployed, on the live registers of Employment Exchanges stood at 197.52 lakhs. After having implemented two five-year Plans, from 1982 to 1992, the number of unemployed, as on September, 1990, rose to 343.68 lakhs. In 1980-81, the *per capita* income, based on that year's prices, was Rs. 1627. After a decade, i.e. in 1991, our *per capita* income, on the basis of 1980-81 prices, was Rs. 2,082. This is the situation. Now, for the elimination of poverty we cannot simply ask the Government to provide everything from their own exchequer. To alleviate the poverty, what I feel is, we must improve the buying capacity of the individuals of the nation. Whatever we have implemented so far for that, the Plans, have failed. That is explicit in the Bill itself. Therefore, we must try to improve the buying capacity of the people.

Sir, the migration of people from rural areas to urban areas is not inevitable if our Plans are actually implemented in the manner in which they were envisaged. Migration takes place from rural to urban areas, which means slums are created in the urban areas because of migration. There are two reasons for this migration. One is unemployment and under-employment in the rural areas and the other is the disparity in wages in the urban and the rural areas. These are the two important factors. To arrest this migration from rural to urban areas, the Government should see that agro-based industries are established and developed in the rural areas. If that is done, we can stop the imgration. And without stopping this migration we cannot solve the economic problems even in the urban areas.

Further, Sir, as far as development is concerned, we have to bear two things in mind—(1) economic development, and (2) social justice. We can find it out if we go through Article 17 and Article 38 of the Constitution Article 38 comes under the Directive Principles of State Policy. When between 70 and 80 per cent

of our people are poor, it means we must go to the root-cause of it. Here in India it is not a class struggle, but a peculiar struggle was waged throughout the centuries. If you go through the history, you will find that for the last 2,000 years it has been a caste war—which is still going on. This morning somebody said that the Mandal Commission is the root-cause of the troubles and unrest in the society. It is not so. The root-cause of the troubles in this society is the Manu Dharma Shastra and not the Mandal Commission. The sooner we banish those things from our minds, I think, the better it will be for the nation. Rather, I feel that the Manu Dharma Shastra should be banned in this country and, wherever we find it we must burn it or bury it several fathoms deep. The compartmentalization of the society through the caste system is the main cause of all the trouble. So, we must actually overcome that problem. That is one.

Secondly, the industries that we have to establish are different from the industries that we have already established. I can tell you that more than 2,18,000 SSI units in the country are sick. In the medium and large-scale industrial sector, 1,455 units are sick. We have to deal with this problem on a war footing. Otherwise we cannot solve this problem.

Now, Sir, reserving some Parliament and Assembly constituencies for Scheduled Castes and Scheduled Tribes is not going to solve the problem. As far as MPs are concerned, nearly 79 seats in Parliament, and, so far as MLAs are concerned, nearly 557 seats in the Legislative Assemblies throughout India, are reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. In spite of that the problem has not been solved. But this fundamental problem has got to be solved.

People may argue that since Independence we have developed and made much progress. Yes, if it is in terms of the radio sets, television sets and telephones provided in homes. But in real terms we are not developed to the extent we ought to have. For example, I may tell you, Sir, if you take the global trade in terms of percentage, on 15th August 1947 our share of the global trade was two per cent. But, unfortunately, in 40 years our share in the global trade, has come down by 1.6 per cent to 0.4 per cent. That is India's share in the global export trade. As far as engineering goods production is concerned, on August 15, 1947 our share in the engineering goods production was 2.5 per cent, but now it is only 0.6 per cent. That means, it has been reduced by 1.9 per cent during the last 40 years. We have developed it but not to the extent the world has developed it. Therefore, we cannot say that we have developed. No, it is not so. Therefore, from the beginning we have to go through that.

Mr. Pachouri's Bill, I feel, more or less, would have shaken the heart of hon. Members by this time, if they have got heart. If they have not been shaken, they are not human beings. This is the situation we are confronting with.

I am feeling about the time constraint, as the hon. Vice-Chairman is feeling.

As far as the fundamental things are concerned, one, we have to raise the buying capacity, enhance the buying capacity of individuals. To enhance the buying capacity, we want jobs. For creation of jobs, we want industry to be developed. To develop industries, more investment is required. We cannot say that there is no money.

For example, I tell you, Sir, the Government is struggling for money, for revenue. At the same time, I tell you, Sir, the information I received, in case it is true, is that during the

[Shri S. Viduthalai Virumbi]

months of May and June alone, 10,000 kg. of gold has been imported into India. That is, it came into India through NRIs or some others. If within two months we are able to get 10,000 kg. of gold, maybe due to the new economic 'policy, it shows that today if we open the gates, if we ask black-marketeers to rule the country, they can do it. This is the situation. Five years before what was the situation? Black money was more or less running a parallel government against the Government of India. Now black money is able to prevail upon the Governmnet of India, and black money is ruling India. From its clutches, we have to break. Otherwise, whatever Bill comes, whatever argument we are going to put forth, whatever plans we envisage, whatever we are going to implement, they are not going to solve the problems.

Therefore, the fundamental issue is to raise the buying capacity, we must do something. That is create jobs in industry, provide investment for industry, and for investment we must see that the black money is unearthed. The Finance Minister has done everything except unearthing the black-money. Why he is so much afraid of black-marketeers, I do not know. We should unearth the black money which is now fruitless for productive purposes. Then, I feel that this problem will be solved.

With thees words, I conclude.

Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Thank you very much. Dr. Sivaji, five minutes.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): Sir, I do not like to exceed the time limit prescribed by the hon. Vice-Chairman.

I would like to add that the Government is going in a different direction, and it is against the cherished goals of our forefathers.

Dr. Manmohan Singh, time and again, mentioned that there would be no free lunch. Everything that was provided, all the welfare measures, have been curtailed. Sir, you know, in Andhra Pradesh, rice was supplied at the rate of Rs. per Kg. to all poor people at the rate of 25kg. to each family. About 1,10,00,000 families were supplied with subsidised rice. As soon as Congress came into office in Andhra Pradesh, it has been slashed down from 25 Kg. for each family to 16 Kg., and the price has been enhanced to Rs. 3.50 per Kg.

The hon. Minister in the morning, in the course of his reply during the Question Hour, was discussing about vagabonds and street children. There was a scheme in Tamil Nadu. It was introduced way back when late Kamaraj Nadar was the Chief Minister, providing mid-day meals to school children to induce vagabonds as well as children from low socio-economic groups, to encourage them, to attend schools so that they can have their own vocations. Instead of extending this scheme to other parts of the country and committing some expenditure to the States for it, they put it into the non-Plan expenditure so that the entire burden is on the State. Similarly in the case of housing, when the Telugu Desam Party was in power it constructed 15 lakh *pucca* houses for improving the socio-economic condition of the economically weaker sections of the society. But as soon as the Congress came to power, it reduced its emphasis on it.

Employment generation, road construction and bridge construction are important aspects in any country's economic policy and welfare measures, but during the present Budget proposals Dr. Manmohan Singh reduced alocations on all these. It has reduced allocations on agriculture and rural development. Because of the Government's complacency, there is a warning signal that food production wil come down and we may go back to the PL-480 days. This year

we are importaing 10 lakh tonnes to 20 lakh tonnes of wheat. The same situation is likely to arise in the case of rice. We are going to import pulses and cotton also. Strange thing is that instead of encouraging our farmers to produce more by paying them more, the Government is interested in importing wheat, cotton and other agricultural products at double the price it pays to our farmers. I would suggest that the Government should make proper allocations on agricultural and rural development and give due attention to the welfare programmes. Sir, I hope you attended the Tirupati session of the Congress Party. Everyone who goes to Tirupati has to get himself clean-shaved. At the Tirupati Session.

**[The Vice-Chairman, (Shri Shankar Dayal Singh)** in the Chair]

The Congress party has clean-shaved all its welfare policies and cherished goals set by late Jawaharlal Nehru and Indira Gandhi. Instead of following up those policies, it is reducing its emphasis on the welfare measures at the instance of the IMF. I would like to advise the Treasury Benches to see that they are not so hasty to bid a complete goodbye to the cherished goals of their own Congres Party.

**कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) :** मान्यवर, इस विधेयक के प्रभारी श्री सुरेश पचौरी जी रोजी, रोटी, कपड़ा और मकान (नागरिक कल्याण) विधेयक, 1991 को इस महान सदन में रखने के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। इस बिल को प्रस्तुत करने के बाद इस पर जो वाद-विवाद, बहस हुई इस पर भाग लेने वाले सभी माननीय सदस्यों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं। इन्होंने देश में जो आर्थिक कठिनाइयों और विषमताओं के कारण कपड़ों की कमी, रोटी की कमी, आवास की कमी इत्यादि महसूस की है, और इन्होंने इस पर जो अपने विचार व्यक्त किये हैं उसके लिए बधाई देते हुए मैं विशेषतौर से श्री सुरेश पचौरी जी को बधाई ही नहीं धन्यवाद भी देता हूं और आभार भी प्रकट करता हूं।

इसलिए कि वे एक ऐसा विधेयक लाये हैं जो विधेयक प्रशंसा और सराहनीय ही नहीं है, मगर हर दृष्टिकोण से गरीबों के प्रति उनके हृदय में और माननीय सदस्यों के हृदय में जो जलती हुई लहर है, उसकी अभिव्यक्ति है। इस विधेयक में सभी नागरिकों को रहने के लिए मकान उपलब्ध कराना, सस्ती दरों पर जनता कपड़ा उपलब्ध कराना और अनिवार्य वस्तुओं की आपूर्ति करना और देश भर प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य को नौकरी प्रदान करने का प्रस्ताव किया गया है। मैं माननीय सदस्य श्री पचौरी और उन सभी माननीय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। यह सच है कि हमारे संविधान में यथा-निर्दिष्ट कल्याणकारी राज्य की विचारधारा है। हमारे संस्थापक जो संविधान के प्रणेता हैं उनका महान उद्देश्य संविधान की प्रस्तावना और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों में स्पष्ट रूप से व्यक्त किया गया है। संक्षेप में इस प्रस्तावना में हमारे संविधान के उद्देश्य देते हुए सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय के साथ साथ स्वतंत्रता और समान स्थिति और अवसर और भ्रातृत्व, व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का आश्वासन दिया गया है। अनुच्छेद 38 में राज्य को लोक कल्याण के लिए सामाजिक व्यवस्था करने का अधिकार सौंपा गया है। अनुच्छेद 38 और 39 में समाज में सुविधाओं और अवसरों को बढ़ावा देते हुए असमानता का उन्मूलन करने एवं जीवनयापन के समुचित साधनों का अधिकार देने और समुदाय के संसाधनों का उचित वितरण जिससे सामूहिक हित सर्वाधिक रूप से प्राप्त हो, राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली नीति की परिकल्पना की गई है। यद्यपि संविधान के इन उपबन्धों को किसी न्यायालय के माध्यम से लागू नहीं किया जा सकता है, फिर भी उनके निर्दिष्ट सिद्धान्त देश की शासन व्यवस्था के मूलभूत तत्व हैं तथा राज्य अपनी ओर से संसाधनों की कमी के बावजूद इसमें निहित नीति निदेशक तत्वों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। मैं इस विचार से पूर्णत: सहमत

[श्री सीताराम केसरी]

हूं कि जीवन निर्वाह के लिए नागरिकों को मूलभूत सुविधायें अर्थात् रोजी, रोटी, कपड़ा और मकान प्रदान करने की नैतिक जिम्मेदारी सरकार की है। लेकिन जैसा कि पहले बता चुका हूं, इसमें व्यावहारिक कठिनाइयां हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह)**: केसरी जी, बीच में इतना ही कहना चाहता हूं कि आप इतने सुदक्ष हैं, सामाजिक कार्यकर्ता हैं, मगर रोजी, रोटी, कपड़ा और मकान के संबंध में पढ़कर बोलने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। आप स्वयं इसमें इतने माहिर हैं कि बिना पढ़े अपनी ओर से इस संबंध में पूरी बात कह सकते हैं।

**श्री सीताराम केसरी**: मैंने इसलिए कहा कि चूंकि विधेयक का इससे संबंध है। इस संबंध में आगे मैं बोलूंगा। मगर मैंने देखा है कि विधेयक में कुछ शब्दों का हेरफेर है, इसकी वजह से रिकार्ड में कहीं अर्थ दूसरा न निकल जाय, इस लिए मैंने दिया है और इसलिए मैंने संविधान को कोट करते हुए सारी बातों को पहले ही सोच कर प्रस्तुत कर दिया है। अब आपने जो आदेश दिया है उसका अनुपालन भी, अनिवार्य है। मैं बहुत गौर से माननीय सदस्यों की बात सुन रहा था। आज सवेरे भी हमने देखा कि देश के बच्चों की क्या अवस्था है। आजमी साहब ने खास तौर पर ध्यान खींचा है और अपना योगदान दिया है कि किस तरह से इस देश में गरीबी में रहने वाले लोगों की क्या अवस्था है। आज वर्षों के बाद भी वे इस अवस्था से गुजर रहे हैं। निःसंदेह यह सत्य है और जैसा कि दूसरे माननीय सदस्यों ने बताया कि गरीबी उन्मूलन का प्रश्न वर्षों से चल रहा है।

यह देश का दुर्भाग्य, या जिस किसी भी बात से कहिए कि आज देश एक कंटकाकीर्ण मार्ग से चल रहा है। आर्थिक संकट इसके ऊपर है। इसलिए सरकार की विवशता है। मगर इस विवशता के बावजूद जिनके लिए सत्ता होती है, जिनके लिए सरकार बनती है, जिनके लिए संविधान बना है उनकी भलाई के लिए, उनकी कमी, उनकी कमजोरी, उनकी निर्बलता, उनकी भूख, उनके कपड़े, उनके मकान और उनके दवा-दारू का प्रबंध अगर हम नहीं करते हैं तो निस्संदेह मैं यह कहने का दावा नहीं करता हूं कि मैं इनकी सेवा करने में समर्थ रहा हूं। लेकिन यह भी सत्य है कि यह परिस्थिति है और इस परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मैंने सोचा कि जितनी बातें हो चुकी हैं, वे सत्य हैं और उन बातों से मैं जरा भी असहमत नहीं हूं। हमारे मित्रों ने, हमारे माननीय सदस्यों ने जो बातें कहीं हैं, उनसे भी मैं मतभेद नहीं रखता। लेकिन मेरी विवशता है, लाचारी है, एक आर्थिक संकट से देश गुजर रहा है। इसलिए जितने मकानों का प्रबंध करना चाहिए, उतना हम नहीं कर पा रहे हैं। यद्यपि, अनेक योजनायें, इंदिरा आवास योजना, नेहरू आवास योजना है। लेकिन इन सारी योजनाओं के बाद भी हम देशवासियों को उनकी संख्या के अनुपात में मकान नहीं दे सकते। हम इतनी दूर तक उनके लिए यह नहीं कर सकते, यह सत्य है, मैं इससे इंकार नहीं करता। मगर साथ ही साथ यह भी कहता हूं कि देश में जो आर्थिक संकट है, जो परिस्थिति है, उसको दृष्टिगत रखते हुए, मेरा यही कहना है कि जो पचौरी जी ने यह विधेयक रखा है, इस विधेयक का हमारे हृदय में और सरकार की दृष्टि में सम्मान होते हुए भी हम इस विधेयक को स्वीकार नहीं कर सकेंगे। क्योंकि सरकार आर्थिक संकट से गुजर रही है। उसकी आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं है कि सरकार सभी मांगों को पूरा कर सके। निस्संदेह, जहां तक असमानता का सवाल है, जहां तक आर्थिक विषमताओं का सवाल है, जहां तक निर्बलता का सवाल है, जहां तक गरबी उन्मूलन का सवाल है, इससे पूर्णरूप से सहमत होते हुए भी मैं अपनी असमर्थतता प्रकट करता हूं। माननीय सदस्य के विचार से सहमत होते हुए भी आर्थिक संकट के कारण हमारी यह असमर्थता है।

जहां तक प्रत्येक परिवार को एक नौकरी देने का प्रश्न है सरकार ने अभी

एक निर्णय लिया है । उस निर्णय के अंतर्गत मैं नहीं जानता कि कितनी दूर तक वह निर्णय कार्यान्वियन के रूप में पूरा हो सकेगा । यह एक प्रयास है कि हर साल एक करोड़ बेरोजगार लोगों को हम नौकरी प्रदान करें और 2000वें वर्ष हम तकरीबन तो हजार लोगों को नौकरी देने की बात सोचते हैं । इसकी योजना बन रही है । मगर मैं नहीं कह सकता हूं कि कितनी दूर तक सरकार आर्थिक संकट को मद्देनजर रखते हुए कामयाब होगी । कामयाबी के लिए हमारा प्रयत्न जारी रहेगा इतना मैं आश्वासन दे सकता हूं । मगर कहां तक कामयाबी होगी यह कहने में मैं असमर्थ हूं । लेकिन इसका प्रयास निरन्तर जारी रहेगा, इतना मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं ।

जहां तक पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन का सवाल है, कम कीमत के कपड़े का, पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के आधार पर कम कीमत में कपड़ा उपलब्ध कराने का भी प्रबंध है । जो प्रधानमंत्री जी ने सारे देश के लिए नयी योजना बनायी है, वह योजना चल रही है । तो मैं इतना ही कहता हूं कि हर परिवार में कम से कम एक आदमी को रोजगार देना अगर अनिवार्य कर दें तो इस साहिब से तकरीबन एक करोड़ व्यक्तियों को रोजी-रोजगार का प्रबंध हर साल करना होगा, यह इसमें प्रतिबद्धता है । मगर मैं पुनः अपने शब्दों को दोहराना चाहता हूं कि मैं इतना ही कह सकता हूं कि हमारा प्रयत्न, प्रयास जारी रहेगा ।

आर्थिक संकट से विमुक्त होने के बाद ही कामयाबी की संभावना है ।

SHRI SARADA MOHANTY: Sir, I am on a point of order.

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह)** : बोल दीजिए ।

SHRI SARADA MOHANTY: I would like to know whether the Government is going to provide ration cards to those people who have not got permanent houses so that they can take ration from the ration shops.

**श्री सीताराम केसरी** : मैं आपकी बात समझ नहीं सकता ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह)** : माननीय सदस्य का यह कहना है, जिन लोगों के पास अपना मकान नहीं है, रोजी, रोटी, कपड़ा, और मकान, इन चार विषयों को ले कर यह विधेयक माननीय सदस्य श्री पचौरी जी ने प्रस्तुत किया है, माननीय श्री शारदा महन्ती जी आपसे यह जानना चाहते हैं कि जिनके अपना मकान नहीं है, अपनी जमीन नहीं है, उनको आप कम से कम खाना मुहैया कराने के लिए राशन कार्ड दे पायेंगे या नहीं ? आप राशन कार्ड देगें या नहीं देंगे ?

**श्री सीताराम केसरी** : मान्यवर, महन्ती जी ने जो प्रश्न किया है वह ठीक है । जहां तक मेरी जानकारी है जो लोग गरीबी की रेखा से नीचे हैं उनको एक येलो कार्ड मिलता है जिसके आधार पर उनको खाने के लिए अन्न वगैरह दिया जाता है । यह अन्न उनको सब्सिडाइज्ड प्राइस में या मुफ्त मिलता है । हर ब्लाक में इस तरह का प्रबंध है । जो गरीबी की रेखा से नीचे हैं **(व्यवधान)**

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Some sound is coming. I don't know what type of sound is this.

**श्री सीताराम केसरी** : कहीं से आवाज उठती है, जब कभी रोटी की आवाज उठती है तो निहित स्वार्थ के लोग इसको रोकना चाहते हैं । इसलिए आप चिंतित मत होइए ।

**श्री ईश दत्त यादव** (उत्तर प्रदेश) : यह आवाज क्या सरकार की तरफ से तो नहीं हो रही है ?

**श्री सीताराम केसरी** : निहित स्वार्थ वालों की तरफ से हो रही है ।

SHRI J. S. RAJU: They want ration cards.

**श्री सीताराम केसरी** : मान्यवर, आपके माध्यम से एक बात और कहना चाहता हूं । कल्याणकारी सरकार का मूल उद्देश्य है, हमारे संविधान के अनुच्छेद 38–39 की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, उसके प्रति हमारी सरकार प्रतिबद्ध है । क्योंकि संविधान के अंतर्गत

[श्री सीताराम केसरी]

यह अधिकार सभी नागरिकों को मूल सिद्धांत रूप में दिया हुआ है जहां तक आर्थिक विषमता का प्रश्न है, राजनैतिक विषमता का प्रश्न है, शैक्षणिक विषमता का प्रश्न है, इनके उन्मूलन निश्चित रूप से किया जायगा मगर जहां तक संविधान का प्रश्न है जहां तक सरकार का प्रश्न है, इसको क्रियात्मक रूप देने का प्रश्न है, सारी परिस्थितियां आपके सामने उपस्थित हैं। इसमें अपना एक समय रहता है और उस समय के आधार पर निश्चित रूप से एक समय आता है जब हम यह उम्मीद करते हैं कि जो मैंने आपको योजना बनाई है, सरकार ने जो फैसला किया है कि एक साल में एक करोड़ लोगों को रोजगार देने का प्रबंध हम कर सकेंगे जिससे सन 2000 तक 9 करोड़ लोगों को रोजगार दिए जाने की पूर्ण सम्भावना है। इसके लिए प्रयास जारी है और प्रयास जारी रहेगा। इस आधार पर हम यह उम्मीद करते हैं कि गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा।

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी :** एक करोड लोगों को हर साल रोजगार मिलता रहेगा। **(व्यवधान)**

†[مولانا عبید اللہ خاں اعظمی :
ایک کروڑ لوگوں کو ہر سال روزگار ملتا رہیگا ۔ . . . (مداخلت) . . .

SHRI S. BIDUTHALAI VIRUMBI: I want to know as to how many jobs have been provided by your Government during the last one year.

**श्री मोहम्मद सलीम** (पश्चिमी बंगाल) **:** मंत्री महोदय ने **(व्यवधान)**

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) :** बैठिए। कल्याण मंत्री जी का जवाब पूरा होने दीजिए। आपको तो इस पर बोलना भी है।

**श्री सीताराम केसरी :** पूछने दीजिए।

**श्री मोहम्मद सलीम :** मेरा यही प्रश्न था कि साल कब से प्रारंभ होने वाला है।

**श्री सीताराम केसरी :** साल शुरू हो गया है। साल शुरू हो गया है। पहली अप्रैल है। इसलिए मैंने कहा . .

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

**श्री मोहम्मद सलीम :** डर लगता है **(व्यवधान)** पहली अप्रैल सुनने से अप्रैल फूल का डर।

**श्री सीताराम केसरी :** आपके डर का उन्मूलन करने के लिए मैंने कहा कि कामयाबी की पूर्ण आशा है और मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। हम उम्मीद करते थे कि 9 करोड लोगों का दो हजार वर्ष तक पूरते पूरा हो जाएगा। यू 10 करोड़ की बात है। हमने एक करोड़ जरा कम करके कहा है कि 9 करोड़ तो होगा ही, 10 करोड़ तो निश्चित हो जाएगा। . . **(व्यवधान)** और बोलिए . . **(व्यवधान)**

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) :** नहीं। इसके अलावा . . . **(व्यवधान)**

**श्री संघ प्रिय गौतम :** आप अपना वक्तव्य दीजिए।

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) :** आप पहले समाप्त कर लें।

**श्री सीताराम केसरी :** महोदय, जैसे मैंने पहले कहा कि इस विधेयक में उद्देश्य अच्छे हैं। जैसा मैंने आपसे कहा और यह विधेयक इस योग्य है कि इस विधेयक के नहीं पास करने पर भी उस दिशा में सरकार निश्चित रूप से इतना आश्वासन देती है कि प्रयास करती रहेगी, कोशिश करती रहेगी।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ सभी माननीय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए श्री पचौरी जी से निवेदन करूंगा कि अपना विधेयक वापस लेकर हमें कृतज्ञ करें।

**श्री सीताराम केसरी :** मंत्री जी एक बात स्पष्ट नहीं हुई। मैं बडी गम्भीरता से आप से पूछ रहा हूं कि आप एक करोड़ लोगों को इम्पलायमेंट देंगे? हमारे देश में यही एक बडी समस्या है। लेकिन कृपा करके बताइए कि किस किस प्रकार से आप इम्पलायमेंट देंगे।

**श्री सीताराम केसरी :** मैंने कहा है कि रोजगार देंगे, रोजी रोजगार। उसका विभिन्न रूप होगा। उनको ट्रेनिंग दी जाएगी, उनको कुटीर उद्योगों में लगाया जाएगा, उनको ग्राम उद्योगों में लगाया जाएगा। इस तरह के कामों में सबको

[श्री सीताराम केसरी]

लगाकर एक करोड़ लोगों के रोजी रोजगार का आयोजन करने का यह प्रयास होगा ।

**श्री ईश दत्त यादव :** उपसभाध्यक्ष महोदय, एक मिनट का हमारा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि आपने कहा कि पहली अप्रैल से वर्ष शुरू हो गया है । यह बात सही है और इस वर्ष में एक करोड लोगों को आप रोजी देंगे । चार महीने, अप्रैल, मई, जून और जुलाई हो गए है तथा अगस्त चल रहा है तो अब तक क्या करीब 30 लाख लोगों को आपने रोजी दे दी है । क्या कोई इस तरह का आंकडा आपके पास है? अगर नहीं है तो क्या आप साल में आखिर में एक करोड पूरे कर देंगे ?

**श्री सीताराम केसरी :** मान्यवर, यादव जी का प्रश्न—जैसा मैंने कहा कि रोजगार का आयोजन और प्रबंध प्रारम्भ हो चुका है, अभी तक मेरे पास डाटा नहीं है, चूंकि अभी मैंने कहा कि पहली अप्रेल से, इसके पूर्व भी । मैंने यह भी बताया कि 10 साल के अंदर 9—10 करोड़ लोगों के रोजगार का प्रबंध रहेगा । इसलिए यह डाटा हमारे पास नहीं आया है । आने से मैं आपको बता दूंगा ।

**श्री मोहम्मद सलीम :** उपसभाध्यक्ष महोदय . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) :** दो, तीन मिनट में अपनी बात कहें । पांच बजे तक इसको समाप्त करवा देना है ।

**श्री मोहम्मद सलीम :** ऐसी कोई बात नहीं है । सावाल रोटी का है, सवाल रोजी का है, सवाल कपडे और मकान का है . . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) :** लेकिन समय का भी है ।

**श्री मोहम्मद सलीम :** समय तो हम 45 साल तक देखते रहे हैं । अभी मंत्री महोदय ने यह बताया, जैसे कि लगा कल्याण मंत्री जो कि कल्याण करने के लिए तैयार हैं सरकार, लेकिन आर्थिक संकट रास्ते में रुकावट है । इस आर्थिक संकट का सावल हम पिछले एक साल से सुन रहे हैं । लेकिन जब देश तेजी से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ रहा था तब भी हम इस बुनियादी सवाल को पूरा नहीं कर पाए, इस बात को मानना पडेगा, चाहे वह रोजी का हो, चाहे रोटी का हो चाहे मकान का हो या कपडे का हो और पिछले एक साल से आर्थिक स्थिति बिडने से आज की स्थिति में हम नहीं पहूचे हैं । एक एक पांच साला योजना खत्म हुई और बेरोजगारी का आंकडा बढता गया । बेघर लोगों की संख्या बढ़ती गयी । लोग आज भी भूखे मारे जा रहे हैं । हमें यह ख्वाब दिखाया जा रहा है कि आज नहीं तो 20वीं शताब्दी जब खत्म हो जाएगी तो हम फिर एक सुनहरे समाज में प्रवेश करेंगे । कल्याण मंत्री की भावना या कल्याण मंत्री के उद्देश्य के प्रति हमारा कोई शक नहीं है । लेकिन एक कल्याण-कारी राष्ट्र का अगर मकसद हमारे पास अब भी रहता तो सही बात है कि कल्याण मंत्री ये तामम कल्याण करने की कोशिश करते । लेकिन अभी हमारी सरकार जिस ओर जा रही है वहां कल्याण मंत्रालय 20वीं सदी के बाद 21वीं सदी में र गा या नहीं रहेगा वह प्रश्न है ।

यह प्रश्न बड़ा है क्योंकि अभी सरकार यह कह रही है कि नई नीति के आधार पर रोजी देना, रोटी खिलाना, मकान देना या कपडा पहनाना सरकार का काम नहीं है ।

अब तो यह सुनने में मिल रहा है कि रेल चलाना, चिठठी बांटना, बस चलाना यह भी सरकार का काम नहीं है । तो बुनियादी जो सावल रोजी-रोटी का है, इससे तो आप हाथ धो रहे है और यही वजह है—अगर यह चार मकसद जो हैं, अगर समय ज्यादा न भी लिया जाए, हमारे दूसरे साथियों ने बहुत सारी इसके बारे में बहस की है—मैं उन आंकडों में हीं जाना चाहता । . . (**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) :** एक मिनट माननीय मंत्री जी रूक जाएं । अगर कोई और कुछ पूछना चाहें, तो आप एक साथ बोल दीजिएगा । उसके बाद पचौरी जी . . . (**व्यवधान**)

**श्री सीताराम केसरी** : नहीं, हम इस बात को खत्म कर देते है । मान्यवर, हमारे माननीय सदस्य ने जो प्रश्न उठाया, तरक्की हुई है । 1952 में जबकि इस देश की आबादी 30—35 करोड़ से ज्यादा नहीं थी, तब हम फूडग्रेन की भीख मांगते थे और बाहर से खरीद करके लाते थे ।

आज हम इस अवस्था में है कि आज हम इस मुल्क में जबकि हमारी आबादी 85 करोड के करीब पहुंच गई है, तो आज उस दिन की विभन्नता में और आज की संपन्नता में आपको अंतर मिलेगा ।

इसलिए मेरा आपसे निवदन हैं कि मैं भी और आप भी समझ रहे हें कि आर्थिक अवस्था का आधार कई और चीजें होती हें । आपकी आबादी जिस ढंग से बहुती गई और आपका उपज भी जिस ढंग से बढ़ता गया, उसको दृष्टिगत रखते हुए, इन सारी चीजों को देखिये ।

तो, मान्यवर, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि यह ठीक है कि अब भी हम अभावग्रस्त हें, मगर यह भी ठीक है कि जो 1952 में परिस्थिति थी, आज वह परिस्थिति नहीं है। उन दिनों को विभन्नताओं से हम बहुत कुछ मुक्त हें। निस्संदेह आज हम पूर्ण रूप से संपन्न नहीं हैं, गरीबी है, निरक्षरता हैं, आवास की कमी है । इन सारी चीजों के बावजूद भी यह सोच लेना कि इसकी पूर्ति नहीं होगी, यह सर्वथा निराधार होगा और देश ने तरक्की की है, यह बात निस्संदेह है ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूं ।

**श्री मोहम्मद सलीम** : माननीय मंत्री जी, . . . **(व्यवधान)**

**उपसभाध्यक्ष** (श्री शंकर दयाल सिंह) : अब हो गया। सलीम साहब, आज इसको खत्म करने दीजिए । एक सैकण्ड—अब तक लगभग तीन दिनों से यह चल रहा है। यह तो आप लोगों का, यानी कि, यह तो सरकार का नहीं, हम लोगों का समय है ।

तो ऐसा है कि लगभग इसमें तीस-चालीस लोगों ने भाग लिया है, काफी चर्चा हुई है । इसलिए सलीम साहब, मैं आपसे अनुरोध करता हूं । चलिए, पचौरी साहब. . . .

**श्री सुरेश पचौरी** : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी बहुत संजीदा, बहुत जिम्मेदार, उस पीढ़ी के व्यक्ति रहे हें, जिस पीढ़ी ने इस देश को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने में बहुत बड़ा योगदान है। मेरी मान्यता है कि उनके मन में वही तड़प है, जो आम इनसान की तड़प होती है ।

इसलिए निश्चित रूप से उन्हें उस पीड़ा का अहसास है, जो पीड़ा गरीब मजदूर और मजलूम वर्ग की हुआ करती है और उन्होंने इस बारे में चिंता व्यक्त की है कि जो आम इनसान की जो बुनियादी आवश्यकताऐं हैं, उनकी पूर्ति की दिशा में यथासंभव आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिऐं और इसके लिए उन्होंने अपना मंतब्य भी जाहिर किया है।

इससे पहले कि मैं अपनी बात खत्म करूं, मुझे इसी सदन के पूर्व सदस्य, हमारे बेकल उत्साही की कुछ पंक्तियां याद आ रही है। उन्हें मैं उद्वत करना चाहूंगा — उन्होंने कहा था—

जब लाज बचाना बेटी की
मुश्किल हो किसी निर्धन के लिए,
दूभर हो जवां मौसम पाना
मुस्कराते हुए बचपन के लिए,
जब मंदिर-मस्जिद को लेकर कुछ
लोग सियासत करते हों,
जब राजनीति के तख्ते पर
मजहब की तिजारत करते हों
जब जुल्म की नंगी ख्वाहिश पर
निर्धन को जलाया जाता हो,
ऐसे में कहां रोटी, कपड़ा, रहने
को मकान मिल सकता है,
खुदगर्जी की इस धूंध में हिन्दुस्तां
कहां मिल सकता है ।

मान्यवर, सब से पहले तो मैं जिन माननीय सदस्यों ने, क्योंकि समय बहुत कम है, मैं उनके नाम का उल्लेख नहीं कर पाऊंगा, लेकिन जिन माननीय सदस्यों

ने मेरे स्वर में स्वर मिला कर उस दर्द को उजागर किया जो ग्राम इंसान का दर्द है, उनके प्रति मैं कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। क्योंकि मैं ऐसे मान कर चलता हूं कि ग्राम इंसान की जो जरूरत की बुनियादी चीजें, रोटी, कपड़ा, मकान हैं उनकी पूर्ति किया जाना बहुत ग्रावश्यक है। यह हमारे संविधान में ही लिखा नहीं है बल्कि यूनाइटेड नेशंस का जो ह्यूमैन राइट्स का चार्टर है उसमें भी इस बात का उल्लेख किया गया है। मेरा इस बिल को प्रस्तुत करने के पीछे मकसद यही था, उसके पीछे मंशा यही थी कि हमारी व्यवस्था में परिवर्तन होना चाहिए, परिवर्तन इस मायने में होना चाहिए कि हम समानता और ग्रार्थिक न्याय के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में ग्रावश्यक कदम उठा पाएं, ग्रावश्यक पहल कर पाएं और उस पहल के बाद इस नतीजे पर पहुंच पाएं कि हम गर्व के साथ कह सकें कि हम उस देश के नागरिक हैं, जो देश न केवल उन्नत देश है, बल्कि उसमें ग्राम रहने वाला ग्राम इंसान भी बहुत खुशहाल है। मान्यवर, ग्रावश्यकता इस बात की है कि विलासिता-पूर्ण जीवन व्यतीत करने वाले लोगों की जिन्दगी पर अंकुश लगाने की जरूरत है। क्योंकि मैंने बोलते समय इस बात का उल्लेख किया था कि एक तरफ कई एकड़ जमीन में लोग रह रहे हैं और दूसरी तरफ कुछ वर्गफीट जमीन भी मकान के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसलिए ऐसे निर्णय सरकार द्वारा किया जाना बहुत जरूरी है। ग्राज 46—47 वर्ष हमारे देश को ग्राजाद होते हुए हो गए, लेकिन फिर भी हम इस दिशा में कोई पर्याप्त कदम नहीं उठा पाए हैं। इसलिए योजनाकारों को यह चाहिए कि ऐसी योजनाएं बनें कि जिससे लगे कि वह ग्राम इंसान की बुनियादी ग्रावश्यकताग्रों की पूर्ति की दिशा में प्रयत्नशील हैं। योजनाएं केवल कागज पर न बनें बल्कि योजनाग्रों का सही कार्यान्वियन हो पाए। क्रियान्वयन इस मायने में हो पाए कि क्रियान्वयन के बाद हम कह सकें कि हमने ग्रपने लक्ष्य की पूर्ति की है। 1—3—91 को 31 मिलियन लोग हाउसलैस बताए गए हैं, जिनके पास मकान नहीं हैं जिसमें 20.6 मिलयन लोग रूरल एरिया के हैं और 10.4 मिलियन लोग ग्रर्बन एरिया के हैं ग्रौर जो जाबलैस लोग हैं 36.29 मिलियन हमारे यहां जाब सीकर्स बताए गए हैं ये फिगर्स कुछ ऐसे हैं जो ग्रपने ग्राप में बहुत चौंकने वाले हैं। कुछ हमारे राज्यों में ऐसे व्यवस्था की गई जो कि एक वित्तीय संकट की बात कही गई मैं उससे सहमत हूं। ग्राज हमारा देश जिस ग्रार्थिक संकट से गुजर रहा है उसके प्रति भी हम लोगों को चिंतित होना चाहिए लेकिन चाहिए हमें कुछ ऐसे टैक्स लगाना चाहिए जैसे तमिलनाडु में एम०जी०ग्रार० ने फ्रोफैशनल टैक्स लगा कर कुछ ऐसी व्यवस्था की थी कि मिड-डे मील प्रारंभ हो गया था। उसमें हमको बजटरी डाइगर्शन पर हमको पैरासाइट नहीं रहना चाहिए, उस पर ग्रवलंबित नहीं रहना चाहिए बल्कि हमारे कुछ इस प्रकार के इंटर्नल सोर्स ग्राफ मनी इस प्रकार की हमको निकालने चाहिए जिससे हम ऐसी कल्याणकारी योजनाग्रों में इस पैसे को डाइवर्ट करा पाएं मैं साथ ही जो मैंने भोजन की बात कही थी, जो रोटी की बात कही थी, इसके लिए निश्चित रूप से एक नेशनल कमेटी का गठन करना चाहिए। जो न केवल इसैंशल कमोडिटीज की प्राइस फिक्स करे बल्कि इस बात को देखे कि ग्रावश्यक रूप से ग्राम इंसान के लिए बुनियादी उपभोक्ता की जो वस्तुएं हैं वह उन्हें सही समय पर, सही दामों पर मिल पाएं। इन सब चीजों के लिए जरूरी है कि हम ग्रपनी योजना की प्रायरिटी बदलें, हम दूसरे खर्चे को रोकें ये सारी चीजों पर गौर करना बहुत ज्यादा जरूरी हैं।

मान्यवर, जिस हमारे कांग्रेस के घोषणा पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया था जो राजीव गांधी जी ने तैयार किया था ग्रौर उस घोषणा-पत्र सभी ने हमारे जो वर्तमान प्रधान मंत्री नरसिंह राव जी हैं उस मैनिफैस्टो कमेटी के चेयरमैन थे उस समय उसे जारी करते हुए यह बताया गया था कि एक वर्ष में 10 मिलियन लोगों को रोजगार दिया जायेगा 8वीं पंचवर्षीय योजना में इस बात का जिक्र मुझे ज्ञात हुग्रा है कि किया गया

[श्री सुरेश पचौरी]

है । इसलिए ऐसी योजना बनाते समय एक ऐसी स्कीम बनाना चाहिए जिस स्कीम का नामकरण यह हो कि राजीव रोजगार योजना, जिसके तहत मैनिफैस्टो में जिस चीज का जिक्र किया है कि प्रतिवर्ष 10 मिलियन लोगों को रोजगार देंगे वैसी व्यवस्था हम कर सकें । अभी जो अनएंप्लायमेंट में बैकलाग है वह 78 मिलियन का है और उसके लिए हमको 10.6 मिलियन जो जाब्स हैं वह क्रिएट करने की आवश्यकता होगी, तभी हम बैकलाग को क्लीयर कर पायेंगे । साथ ही जाब सीकर्स का यदि हम फिगर्ज़ देखें मान्यवर, तो 80 और 90 के बीच में हमेशा फिगर्ज बढ़ते रहे हैं । और यदि में उनको कोट करना चाहूं तो समय लगेगा और समय कम है । वर्ष 1980 में 162 लाख लोग जो जोब-सीकर 5.00 P.M. रजिस्टर्ड हुए और वह बढते गए, वर्ष 1981 में 178 लाख हो गए, वर्ष 1982 में 197 लाख हो गए, वर्ष 1983 में 219 लाख हो गए, वर्ष 1984 में 235.47 लाख हो गए, वर्ष 1985 में 262 लाख हो गए, वर्ष 1986 में 301.31 लाख हो गए, वर्ष 1987 में 302.47 लाख हो गए, वर्ष 1988 में 300.5 लाख हो गए, वर्ष 1989 में 327.38 लाख हो गए और वर्ष 1990 में यह बढ़कर 342.88 लाख हो गए । यह फिगर्स मैंने इसलिए उद्धृत किए हैं कि जो जोब-सीकर में संख्या है उसमें लगातार वृद्धि होती रही है लेकिन योजनाकारों को इस बारे की बिल्कुल चिन्ता नहीं रही कि यह फिगर्स क्यों बढ़ते जा रहे है ? इसलिए निश्चित रूप से ऐसी योजनाओं के बनाने की आवश्यकता है, जिससे बेरोजगारों की संख्या में वृद्धि न हो पाए ।

इसी प्रकार, मान्यवर, यदि हम क्लोदिंग के भी पर केपिटा अवलेब्लिटि फिगर्स देखें तो हम पाएंगे की प्रति मीटर जो संख्या वह कम होती गई । वर्ष 1951 में यह 11 रही, वर्ष 1960 में 13.6 रही, वर्ष 1970 में 13.6 रही, वर्ष 1980 में 11.1 रही, वर्ष 1985 में 10.9 हुई । तो जो पर केपिटा अवलेब्लिटि आफ क्लोथ थी, उस हमारे हिंदुस्तान में कमी होती रही, लेकिन इस कमी की ओर ध्यान नहीं दिया गया ।

इसी प्रकार हाऊसिंग की कमी का भी मैं उल्लेख करना चाहूंगा । वर्ष 1981 में 21.1 मिलियन यूनिट रही 1985 में 24.7 मिलियन यूनिट रही 1986 में 27 मिलियन यूनिट थी 1987 में 27.8 मिलियन यूनिट हुई 1988 मे 24.7 मिलियन यूनिट रही 1989 में 28.5 रही 1990 में 30.3 मिलियन यूनिट रही और ऐसी संभावना है कि वर्ष 2000 तक यह बढ़कर 41 मिलियन यूनिट हो जाएगी हाऊसिंग शॉर्टेज । तो जब हमारे योजनाकार इस चीज का संकेत कर रहे हैं तो निश्चित रूप से हमें इस प्रकार की क्रांतिकारी योजनाओं के बनाने की आवश्यकता हैं जिससे कुछ बुनियादी परिवर्तन हो पाए और उसके लिए स्माल और बड़ी इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा देना चाहिए । हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भी यही परिकल्पना थी और उसके लिए जरूरी है कि हम निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रम को इस प्रकार से तैयार कर सकें जिससे बेरोजगारी से आम नवयुवक को मुक्ति मिल पाए । यह तभी संभव है जब हम राजीव रोजगार योजना प्रारम्भ करें । आदरणीय केसरी जी इस मामले में अपने डिपार्टमेंट में पहल करके अपने डिपार्टमेंट से योजना मंत्रालय को निर्देश दें कि राजीव रोजगार योजना प्रारंभ की जाए । इसके तहत कांग्रेस घोषणा-पत्र के अनुसार दस लाख लोगों को प्रति वर्ष रोजगार देने की व्यवस्था हो पाएगी ।

मान्यवर हम ऐसे विकास की प्रक्रिया प्रारंभ करें, जिससे आम इंसान को रोजगार मिल सके, रहने को मकान मिल सके, वह खुले आकाश की छत में अपनी जिंदगी का जीवन-यापन दयनीय स्थिति में न कर पाए, उसे भुखमरी से मुक्ति मिल पाएं उसको शोषण से मुक्ति मिल पाए और उसकी जो बुनियादी आवश्यकताएं

हैं उनकी पूर्ति हो पाए। यही आज हमारे देश के आम आदमी की आवाज है क्योंकि हर इंसान के मन में यह बात आ गई है— "रोजी, रोटी, कपड़ा और मकान मांग रहा है हिन्दुस्तान"। यदि हम यह सारी बुनियादी जरूरतें आम इंसान को मुहैया करा पाएंगे तो निश्चित रूप से उस युग की परिकल्पना पूरी होगी जो हमारे दिवंगत नेता राजीव गांधी जी किया करते थे कि हम गर्व से कह सकेंगे कि हम उन्नत देश के वासी हैं, हम उस देश के वासी हैं जो कह सकता है कि हम विकास-शील देश है और जब हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करने जा रहे हैं तो हम कह सकेंगे कि हमारे देश में रहने वाला आम इंसान खुशहाल है, उसका जीवन स्तर बेहतर है और वह हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

मान्यवर, यही मेरा आग्रह है और मुझे उम्मीद है कि माननीय मंत्री जी इन सारे बिन्दुओं पर विचार करेंगे और ऐसी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आम आदमी अपने आपको खुशहाल महसूस कर सके, उन योजनाओं के क्रियान्वयन इस तरह से हो सके कि जो लक्ष्य रखा गया है, उस लक्ष्य की पूर्ति कर सकें और हमारा देश प्रगति और विकास के द्वार पर दस्तक दे सके। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह)**: आप इसको वापस लेंगे? मैं समझता हूं कि कल्याण मंत्री जी ने जो कल्याणकारी वक्तव्य दिया है उससे आप तथा सदन प्रभावित हुआ है और इसलिए इसे वापस लेंगे या उस पर आप वोट कराएंगे?

**श्री सुरेश पचौरी**: मान्यवर, मेरा दृढ़ विश्वास है कि कल्याण मंत्री आम आदमी के कल्याणार्थ कल्याणकारी योजनाएं न केवल बनाएंगे बल्कि यह सुनिश्चित करेंगे कि उन योजनाओं का कार्यान्वयन हो। इसलिए इन पर विश्वास करते हुए मैं अपना बिल वापिस लेता हूं।

*The Bill was, by leave, withdrawn.*

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Sir, we will opt for divsion... (*Interruptions*) ...Division may be taken up... (*Interruptions*) ...We are supporting your Member's Bill. What is wrong?

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, after announcing the withdrawal of the Bill, Mr. Sivaji... (*Interruptions*)...

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: It was not the pleasure of the House that he withdraw... (*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Sivaji, the mover, Mr. Pachouri, has already withdrawn it... (*Interruptions*) ...I am telling you one thing. When I asked the pleasure of the House, I think you also expressed your pleasure. I have already given my ruling. Kindly don't press now. He has already withdrawn it. Now, clarifications on the Pilibhit statement... (*Interruptions*)...

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Sir, may I bring to the notice of the House and the Government, through you, that it is a practice in the South Central Railway that everyday somewhere or other an accident takes place. For the last eighteen months, about 120 accidents took place in the South Central Railway. Yesterday, the day before and the day earlier to that, everyday somewhere or the other, an accident is taking place in the South Central Railway and the Government does not take it seriously to come out with a statement. It is the norm and convention of the House when it is in Session that whenever there is an accident, the Government comes out with a statement. But the Government does not bother about it and they feel that is a regular feature and does not warrant any statement. It exhibits the complacency of the Government in regard to the repeated

[Dr. Yelamanchili Sivaji]

accidents in the South Central Railway. So, through you, I would like to convey to the Railway Minister to see that the Government should come out with a statement in the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Now, the Parliamentary Affairs Minister will make some statement regarding ...(*Interruptions*)...

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: He can react to it...(*Interruptions*).

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): The hon. Member has mentioned about the railway accidents. I will convey it to the Railway Minister.

---

## ANNOUNCEMENT RE. GOVERNMENT BUSINESS FOR THE WEEK COMMENCING 10TH AUGUST, 1992

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): With your permission, Sir, I rise to announce that Government Business during the week commencing 10th August, 1992, will consist of:

1. Discussion on the Resolution seeking disapproval of the Capital Issue (Control) Repeal Ordinance, 1992 and consideration and passing of the Capital Issues (Control) Repeal Bill, 1992 as passed by Lok Sabha.

2. Consideration and return of the following Bills as passed by Lok Sabha:—

   (a) The Appropriation (Railways) No. 3 Bill 1992.

   (b) The Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 1992.

3. Discussion on the Resolution seeking approval of the continuance in force of the Proclamation issued on 18th July, 1990 in relation to the State of Jammu and Kashmir.

4. Consideration and return of the Jammu and Kashmir Appropriation (No. 2) Bill, 1992 as passed by Lok Sabha.

5. Discussion on the Resolution seeking approval of the continuance in force of the Proclamation issued on 2nd April, 1992 in relation to the State of Nagaland.

6. Consideration and passing of the Foreign Exchange Conservation (Travel) Tax Abolition Bill, 1992, as passed by Lok Sabha.

7. Consideration and return of the following Bills as passed by Lok Sabha:—

   (a) The Appropriation (No. 3) Bill, 1992.

   (b) The Appropriation (No. 4) Bill, 1992.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): I am asking only for my information. That has not been passed as yet, I think.

SHRI M. M. JACOB: I have not received the Message from there.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Not yet?

SHRI M. M. JACOB: So far the Message has not come.

---